

रांची, रविवार, 14 सितंबर 2025

संवत 2082, आश्विन कृष्णपक्ष 8 मूल्य-2 रुपये

वर्ष-9, अंक 10 , पृष्ठ-8, RNI No.-JHAHIN/2017/75028

# मेट्रो Rays

आगे रखने का वादा

सांध्य दैनिक





4 ▸▸ हिन्दी दिवस आज

सन ऑफ सरदार 2 में खुद को दरकिनार किए जाने पर सोनाक्षी ने तोड़ी चुप्पी ◂◂ 6


# सुरक्षाबल एवं टीएसपीसी के बीच मुठभेड़ में मारा गया इनामी नक्सली

संवाददाता



**पलामू :** पलामू जिले के मनातू जंगल में रविवार को सुरक्षाबलों और प्रतिबंधित नक्सली संगठन टीएसपीसी (तृतीय सम्मेलन प्रस्तुति कमेटी) के बीच हुई मुठभेड़ में 5 लाख का इनामी नक्सली मुखदेव यादव मारा गया।

जानकारी के अनुसार, सुरक्षाबलों ने 10 लाख के इनामी कमांडर शशिकांत को निशाना बनाकर बड़े पैमाने पर सर्च ऑपरेशन शुरू किया था। कोबरा, झारखंड जगुआर और अन्य सुरक्षा बलों की संयुक्त टीम जब कॉम्बिंग कर रही थी, तभी नक्सलियों ने फायरिंग शुरू कर दी।

जवाबी कार्रवाई में मुखदेव यादव मारा गया। मुखदेव पर कई गंभीर मामले दर्ज थे और वह तीन सितंबर को पलामू में हुई उस मुठभेड़ में भी शामिल था, जिसमें पुलिस के दो जवान शहीद हुए थे।

पुलिस अधिकारियों ने बताया कि रविवार का अभियान अब तक का सबसे बड़ा ऑपरेशन है, जिसमें 200 से अधिक सुरक्षाकर्मी शामिल रहे। शशिकांत के दस्ते में 8 से 10 सदस्य होने की जानकारी मिली है, जिनमें मुखदेव और एक अन्य इनामी नक्सली नगीना भी शामिल था। इसके पहले 7 सितंबर को पश्चिमी सिंहभूम जिले के गोइलकेरा थाना क्षेत्र के बुजुर्वा पहाड़ी पर मुठभेड़ में पुलिस और सुरक्षा बलों ने दस लाख के इनामी नक्सली अमित हांसदा उर्फ अपटन को ढेर कर दिया था। बोकारो जिले के ढोडी गांव का रहने वाला अमित 96 नक्सली वारदातों में वांटेड था।

झारखंड पुलिस के आंकड़ों के मुताबिक, राज्य में हर महीने औसतन तीन नक्सली मुठभेड़ में मारे जा रहे हैं। पुलिस का अनुमान है कि फिलहाल राज्य में 100 से 150 माओवादी सक्रिय हैं। फिलहाल 58 नक्सली इनामी सूची में हैं, जिन पर कुल 5 करोड़ 46 लाख रुपए का इनाम घोषित है। झारखंड पुलिस की मोस्ट वांटेड सूची में भाकपा माओवादी के 13 बड़े नक्सली हैं, जिनमें मिसिर बेसरा, पतिराम मांझी और असीम मंडल पर एक-एक करोड़ का इनाम है। इनके अलावा, अनमोल, मोछु, अजय महतो, अगेन अंगरिया, अश्विन, पिंटू लोहरा, चंदन लोहरा, जयकांत और रापा मुंडा भी सूची में शामिल हैं।

इस साल नक्सलियों के खिलाफ सबसे बड़ी मुठभेड़ 21 अप्रैल को हुई थी, जब बोकारो जिले के लुगु पहाड़ पर एक करोड़ के इनामी प्रयाग मांझी उर्फ विवेक सहित आठ माओवादी मारे गए थे।

झारखंड पुलिस और केंद्रीय बल मार्च 2026 तक राज्य को नक्सल मुक्त बनाने के लक्ष्य के तहत अभियान चला रहे हैं। इस वर्ष जनवरी से अब तक कुल 24 नक्सली मारे जा चुके हैं।

एशिया कप 2025 का छठा मुकाबला आज

## भारत और पाकिस्तान की टीमें होगी आमने-सामने



**नई दिल्ली।** भारत-पाकिस्तान के बीच दुबई इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में एशिया कप 2025 का छठा मुकाबला खेला जाना है। टी20 फॉर्मेट के एशिया कप में चौथी बार दोनों टीमें आमने-सामने होंगी। टीम इंडिया ने टूनामेंट का अपना पहला मैच यूएई के खिलाफ खेला, जिसमें 9 विकेट से शानदार जीत दर्ज की। भारतीय टीम इस समय ग्रुप-ए की प्वाइंट्स टेबल में शीर्ष पर है।

वहीं, पाकिस्तान ने ओमान के खिलाफ 93 रन से अपना पहला मैच जीता। यह देश प्वाइंट्स टेबल में दूसरे स्थान पर मौजूद है। अगर टीम इंडिया यह मुकाबला जीत लेती है, तो शीर्ष स्थान मजबूत कर लेगी। अगर पाकिस्तानी टीम ने मैच जीता, तो भारत को पछाड़कर नंबर-1 स्थान हासिल कर लेगी। दुबई के इस मैदान की पिच स्पिन गेंदबाजों के लिए मददगार है। हालांकि, यहां तेज गेंदबाजों को शानदार पेस और बाउंस मिल रहा है। रविवार को अधिकतम तापमान 39 डिग्री सेल्सियस, जबकि न्यूनतम तापमान 30 डिग्री सेल्सियस रहने का अनुमान है। मुकाबले के दौरान बारिश की आशंका नहीं है। रात में ओस भी एक कारक हो सकती है। टॉस जीतने वाला कप्तान पहले गेंदबाजी का फैसला ले सकता है। इस मुकाबले में कप्तान सूर्यकुमार यादव के अलावा तिलक वर्मा, अभिषेक शर्मा और शुभमन गिल से बतौर बल्लेबाज खासा उम्मीदें होंगी। वहीं, गेंदबाजी में वरुण चक्रवर्ती और अर्शदीप सिंह विपक्षी टीम के बल्लेबाजों को परेशान करते नजर आ सकते हैं। पाकिस्तान की ओर से सईम अयूब और साहिबजादा फरहान टीम को विशाल स्कोर तक पहुंचाने का माद्दा रखते हैं।



जिउतिया व्रत पर अनुष्ठान करती माताएं।

## ऑपरेशन सिंदूर में लश्कर ए तैयबा के जिस मुख्यालय को तबाह किया गया, उसे फिर बना रही पाकिस्तानी सेना

**नई दिल्ली।** पूरी दुनिया में आलोचकों के निशाने पर आने के बावजूद और भारत से मार खाने के बावजूद पाकिस्तान, आतंक को वित्तपोषित करने की अपनी आदत से अभी भी बाज नहीं आ रहा है। भारतीय वायुसेना ने ऑपरेशन सिंदूर के दौरान पाकिस्तान में स्थित कई आतंकी ठिकानों को तबाह कर दिया था। अब सैटेलाइट तस्वीरों से पता चला है कि पाकिस्तान द्वारा फिर से इन आतंकी ठिकानों का पुनर्निर्माण किया जा रहा है।

सीतारमण ने जीएसटी के सकारात्मक प्रभावों पर दिया जोर, कहा

# सुबह से रात तक, हर चीज में मिलेगा फायदा

**नई दिल्ली।** वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) को लेकर इन दिनों देशभर में चर्चा तेज है। इसी बीच केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने जीएसटी के ताजा सुधारों और उसके सकारात्मक प्रभावों पर विस्तार से बात की। साथ ही उन्होंने इससे होने वाले फायदे पर भी जोर दिया। चेन्नई में रविवार को एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सीतारमण ने कहा कि वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) का लाभ देश के हर नागरिक को रोजमर्रा की हर चीज में मिलेगा। उन्होंने कहा कि



इसका असर लोगों को सुबह की चाय से लेकर रात के खाने और सोने तक देखने को मिलेगा।

**'जीएसटी के दायरे में एक करोड़ से ज्यादा व्यवसाय' :** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने आगे कहा कि जीएसटी लागू होने से पहले देश में केवल 66 लाख व्यवसाय ही टैक्स प्रणाली में शामिल थे। लेकिन पिछले आठ वर्षों में यह संख्या बढ़कर 1.5 करोड़ हो गई है। उन्होंने कहा कि यह सरकार की पारदर्शी और सरल टैक्स नीति का नतीजा है। जीएसटी सुधारों के तहत वस्तुओं और सेवाओं के वर्गीकरण को सरल बनाया गया है। सीतारमणन ने इस बात पर भी जोर दिया कि पिछले आठ महीनों में सरकार ने इस पर विशेष अध्ययन कर यह सुनिश्चित किया कि टैक्स श्रेणियों को लेकर किसी प्रकार की उलझन न रहे।

**जीएसटी सुधारों के कारण उत्पादों की इनपुट लागत होगी कम :** वित्त मंत्री ने आगे कहा कि हमने पिछले आठ महीनों में यह सुनिश्चित किया है कि टैक्स की श्रेणियां स्पष्ट और सरल हों, जिससे व्यापारियों और कारोबारियों को कोई भ्रम न फैले। इसके साथ ही उन्होंने ये भी कहा कि जीएसटी सुधारों के कारण अब कई उत्पादों की इनपुट लागत कम होगी।

# मैं भगवान शिव का भक्त हूं, सारा जहर निगल लेता हूं', दरांग में बोले पीएम मोदी

**दरांग (असम)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को असम के दरांग जिले में 18,530 करोड़ रुपए से अधिक की परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया। इस दौरान उन्होंने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि मां कामाख्या के आशीर्वाद से 'ऑपरेशन सिंदूर' बहुत बड़ी सफलता थी और मुझे यहां आकर काफी खुशी हो रही है।



प्रधानमंत्री मोदी ने दरांग में एक जनसभा को संबोधित करते हुए कहा, 'ऑपरेशन सिंदूर' के बाद मेरा असम का पहला दौरा है। मां कामाख्या के आशीर्वाद से 'ऑपरेशन सिंदूर' बहुत बड़ी सफलता थी। आज मां कामाख्या की इस धरती पर आकर मुझे एक अलग ही पवित्र अनुभूति हो रही है और ये भी सोने पे सुहागा है कि आज इस क्षेत्र में जन्माष्टमी मनाई जा रही है। लाल किले से मैंने कहा था, 'मुझे चक्रधारी मोहन याद आए।' मुझे श्री कृष्ण याद आए और मैंने भविष्य की सुरक्षा नीति में एक सुदर्शन चक्र का विचार लोगों के सामने रखा है।

पीएम मोदी ने कहा, हम भारत रत्न सुधाकंठा भूपेन हजारिका का जन्मदिन पहले ही मना चुके हैं। एक दिन पहले मुझे उनके सम्मान में आयोजित एक बहुत बड़े कार्यक्रम का हिस्सा बनने का अवसर मिला। मुख्यमंत्री ने मुझे कांग्रेस पार्टी के अध्यक्ष का एक वीडियो दिखाया और इसे देखकर मुझे बहुत दुख हुआ। जिस दिन भारत सरकार ने इस देश के महान सपूत, असम के गौरव, भूपेन हजारिका को भारत रत्न दिया, कांग्रेस पार्टी के अध्यक्ष ने कहा था कि मोदी नाचने-गाने वालों को भारत रत्न दे रहे हैं। 1962 में चीन के साथ युद्ध के बाद पंडित नेहरू ने जो कहा, उससे उत्तर पूर्व के लोगों के घाव आज भी नहीं भरे हैं।

उन्होंने भूपेन हजारिका का जिक्र करते हुए कहा, मुझे कितनी ही गालियां दें, मैं भगवान शिव का भक्त हूं, सारा जहर निगल लेता हूं। लेकिन, जब किसी और का अपमान होता है, तो मैं इसे बर्दाश्त नहीं कर सकता। आप लोग मुझे बताएं कि क्या भूपेन दा को भारत रत्न से सम्मानित करने का मेरा निर्णय सही है या गलत? क्या कांग्रेस पार्टी द्वारा उन्हें भारत रत्न से सम्मानित करने के लिए किया गया अपमान सही है या गलत?

उन्होंने आगे कहा, पूरा देश आज 'विकसित भारत' के निर्माण के लिए एकजुट होकर आगे बढ़ रहा है, खासतौर पर हमारे जो नौजवान साथी हैं। उनके लिए 'विकसित भारत' सपना भी है और संकल्प भी है। इस संकल्प की सिद्धि में हमारे नॉर्थ ईस्ट की बहुत बड़ी भूमिका है।




न्यूज IN ब्रीफ



## आजादी के 78 वर्षों बाद फुलवरिया गांव में पहुंची बिजली, खुशी से झूमे ग्रामीण

**कोडरमा :** आजादी के 78 वर्षों बाद आखिरकार नगर पंचायत क्षेत्र के वार्ड संख्या 1 स्थित फुलवरिया गांव में पहली बार बिजली की रोशनी पहुंची। केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने विधिवत उद्घाटन कर आपूर्ति का शुभारंभ किया। करीब 500 की आबादी वाला यह गांव कोडरमा मुख्यालय से महज 5 किलोमीटर की दूरी पर होने के बावजूद अब तक बिजली और पक्की सड़क जैसी बुनियादी सुविधाओं से वंचित था। कोडरमा वाइल्डलाइफ क्षेत्र से गुजरने और ध्वजाधारी धाम से सटे कठिन मार्ग के कारण यहां सुविधा पहुंचाना चुनौतीपूर्ण था। ग्रामीण वर्षों से बिजली की मांग करते रहे और कई बार चुनाव बहिष्कार की चेतावनी तक दी, लेकिन अधिकारियों के आश्वासन पर मतदान जारी रखा। उद्घाटन के मौके पर कोडरमा विधायक डॉ. नीरा यादव, बरकट्ठा विधायक अमित यादव, उपायुक्त ऋतुराज, पुलिस अधीक्षक अनुदीप सिंह, डीएफओ वाइल्ड लाइफ सूरज सिंह, उप विकास आयुक्त रवि जैन, जिला परिषद अध्यक्ष रामधन यादव समेत कई वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे। नारियल फोड़कर और पूजा- अर्चना के साथ बिजली आपूर्ति की शुरूआत की गई। बिजली की पहली रोशनी देखते ही ग्रामीण खुशी से झूम उठे। ट्रांसफार्मर और बल्ब की जगमगाहट को उन्होंने सिर्फ रोशनी नहीं, बल्कि उम्मीद का उजाला माना। इस खास अवसर पर जनप्रतिनिधियों ने ग्रामीणों को बधाई दी। मौके पर विद्युत अभियंता कोडरमा संदीप कुमार के साथ अन्य अधिकारी मौजूद थे।

## पतराहातु में दस शैय्या वाले अस्पताल का हुआ शिलान्यास



**मुरी :** आज पतराहातु में मुख्य अतिथि स्वास्थ्य चिकित्सा और शिक्षा एवं परिवार कल्याण मंत्री इरफान अंसारी के कर कमलों से 10 शैया वाले अस्पताल का शिलान्यास किया गया। इससे पहले मंत्री को स्कुली बच्चों ने पुष्प से वर्षा कर स्वागत किया।के अलावा रधुनाथ महतो + 2 उच्च विद्यालय में प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित किया गया।इस अस्पताल के बनने से पतराहातु,कडिया डीह,अडाल नावाडीह आदि क्षेत्र के ग्रामीण लाभान्वित होंगे । सिल्ली के विधायक अमित महतो भी मौके पर उपस्थित रहे।

## चोरी की गई अप्रिलिया स्कूटी मालिक को मिली, चोर गिरफ्तार



**खूंटी :** कटहल टोली, वार्ड नंबर 13 से चोरी हुई एक अप्रिलिया स्कूटी (रजिस्ट्रेशन नंबरः खल01एए3633) का मामला सामने आया है। चोरी के कुछ दिनों बाद ही स्कूटी के मालिक ने स्वयं चोर को उसी वाहन के साथ देखा और उसे पकड़ लिया। घटना के अनुसार, शाम लगभग 5 बजे चोर फर्जी नंबर प्लेट लगाकर और वाहन में कुछ बदलाव करके उसका इस्तेमाल कर रहा था। वह कटहल टोली स्थित शिवजल महतो के घर में किराए पर रहने वाले अपने कुछ साथियों से मिलने आया था। तभी स्कूटी के मालिक की नजर अपने वाहन पर पड़ी और उन्होंने तुरंत ही उसे पहचान लिया। मालिक ने तत्काल स्थानीय लोगों और खूंटी पुलिस को सूचना दी। सभी की सहायता से चोर का पीछा करते हुए उसे कमल दुकान के पास से पकड़ लिया गया। पुलिस ने चोर को हिरासत में ले लिया है और उससे पूछताछ की जा रही है। वाहन मालिक ने पुलिस के सामने अपनी स्कूटी की पहचान की पुष्टि कर दी है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है और चोरी के साथ-साथ फर्जी नंबर प्लेट लगाने के मामले में भी कार्रवाई की जाएगी।

## शॉर्ट सर्किट से विद्युत बॉक्स जला, 12 घंटे से बिजली बहाल का इंतजार



**रनिया :** चौक के समीप एक विद्युत पोल में शनिवार रात शॉर्ट सर्किट होने से तार और कनेक्शन बॉक्स पूरी तरह जल गया। इस घटना के बाद से क्षेत्र में बिजली आपूर्ति बाधित है और लोगों ने मांग की है कि विद्युत विभाग तत्काल मरम्मत का कार्य कर बिजली बहाल करे। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय निवासियों ने विद्युत विभाग के अधिकारियों को सूचित किया। मौके पर रनिया थाना पुलिस भी पहुंची। स्थानीय लोगों का कहना है कि पिछले 12 घंटों से अधिक समय से उनके इलाके में बिजली नहीं है, जिससे उन्हें काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। विद्युत विभाग के कर्मचारी घटना स्थल का निरीक्षण करने के बाद मरम्मत का कार्य शुरू करने वाले हैं। निवासियों ने विभाग से जल्द से जल्द बिजली आपूर्ति बहाल करने की गुजारिश की है।

### स्वास्थ्य मंत्री डॉ इरफान अंसारी ने मॉडल अस्पताल की रखी आधारशिला, कहा

# लोगों के जीवन स्तर को ऊपर उठाना सरकार का लक्ष्य

संवाददाता



**सिल्ली :** सिल्ली से पुराना लगाव रहा है मेरे पिता पूर्व सांसद फुरकान अंसारी भी यहां कई कार्यक्रम में शामिल हुए है. झारखंड के लोकप्रिय मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की नेतृत्व में बनी सरकार स्वास्थ्य, शिक्षा और बुनियादी ढांचे के क्षेत्र में आम जनता के जीवन स्तर को ऊपर उठाने के लिए लगातार प्रयासरत है. स्वास्थ्य चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग अंतर्गत झारखंड राज भवन निर्माण निगम लिमिटेड द्वारा 5 करोड़ 26 लाख की लागत से बनने वाले 10 शय्या मॉडल अस्पताल क्षेत्र के लिए मिल का पत्थर साबित होगा उक्त बातें स्वास्थ्य मंत्री डॉ0 इरफान अंसारी ने शिलान्यास समारोह को संबोधित करते हुए कहा. मंत्री ने आगे कहा कि 2 एकड़ जमीन चिन्हित करें मैं वादा करता हूं यहां एक नर्सिंग कॉलेज भी खोलने का काम करेंगे. वही मंत्री ने रघुनाथ महतो इंटर कॉलेज के वर्ष 2024-25 के 161 मेधावी छात्र-छात्राओं को लैपटॉप और टैब के लिए नगद राशि आदि देकर सम्मानित किया. स्थानीय विधायक अमित महतो ने महत्वाकांक्षी योजना के लिए विभागीय स्वास्थ्य मंत्री को शुक्रिया कहते हुए कहा कि स्वस्थ समाज का निर्माण के लिए स्वास्थ्य सेवाओं की उपलब्धता महत्वपूर्ण पहलू है.मॉडल अस्पताल का निर्माण से ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सुविधाओं की कमी पूरी होगी. इससे ग्रामीण निवासियों को अपनी बीमारी के लिए दूर नहीं जाना पड़ेगा। समारोह को खिजरी विधायक राजेश कश्यप कांके विधायक सुरेश बैठा ने हेमंत सरकार की जन उपयोगी तथा भावी योजनाओं का जिक्र करते हुए कहा यह सरकार जमीनी स्तर पर काम करने वाली है कामों पर विश्वास करती है. विपक्ष के पास कोई काम नहीं है रोज नए-नए षड्यंत्र रचते है। समारोह का संचालन डॉ राकेश किरण महतो ने किया मौके पर कांग्रेस व झामुमो कार्यकर्ता के अलावे ग्रामीण व कई गन्य मान्य लोग मौजूद थे।

## तेज रफ्तार वाहन से भीषण टक्कर, तीन वाहन बर्बाद

### ई-रिक्शा चालक गंभीर रूप से घायल



**खूंटी** के तोरपा रोड स्थित पीपल चौक के समीप शनिवार को रात लगभग 9 बजे एक भीषण सड़क दुर्घटना हुई, जिसमें तीन वाहन पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गए और एक व्यक्ति टोटो चालक संतोष कुमारों महतो गंभीर रूप से जख्मी हुआ है। घटना नशे में धुत एक वश चालक की तेज रफ्तार और नसे में धुत होने की नतीजा बताई जा रही है। मिली जानकारी के अनुसार, तोरपा रोड की ओर से आ रही एक काले रंग की महिंद्रा एसयूवी 500 से काफी तेज गति से चली आ रही थी। इस वाहन पर झारखंड छात्र संघ, खूंटी के जिला उपाध्यक्ष का बोर्ड लगा था। खूंटी की ओर से आ रहे एक ई-रिक्शा टोटो को वश ने जोरदार टक्कर मार दी, टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि ई-रिक्शा हवा में लगभग 10-15 फीट उछाल कर दूर सड़क के किनारे जा गिरा। इसके बाद, नियंत्रण खो चुकी वश ने सड़क के किनारे खड़ी एक अन्य कार को भी जोर से टक्कर मार दी, जिससे वह गाड़ी भी पूरी तरह बर्बाद हो गई।

गाड़ी का टक्कर इतना गहरा था कि टोटो ई रिक्शा गाड़ी सड़क से कई फीट ऊपर उछलकर दूसरी गाड़ी से टकराई। स्थानीय लोगों ने बताया कि घटना के तुरंत बाद नशे में धुत वश का चालक मौके से फरार हो गया। वहीं, ई-रिक्शा चालक के सिर में गंभीर चोट आई है। उसे पहले इलाज के लिए खूंटी सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहाँ से उसकी नाजुक हालत देखते हुए उसे बेहतर इलाज के लिए रांची के रिम्स रेफर कर दिया गया है।

घटना की सूचना मिलने पर खूंटी पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने मामले की जानकारी लेकर आगे की कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है। दुर्घटनाग्रस्त वाहनों को मुख्य मार्ग से हटाने के लिए खउइ की मदद ली जा रही है ताकि यातायात सामान्य किया जा सके। फरार चालक की भी तलाश जारी है।

### शिक्षक-अभिभावक मी?टिंग में 2% ही अभिभावक रहे मौजूद,अध्यक्ष भी नदारत

# विद्यालय परिसर में गंदगी देखकर भड़क गई चेयरमैन, कहा साफ सफाई पर दे ध्यान



संवाददाता

**चतरा :** स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग झारखंड के निर्देश पर शनिवार को परियोजना बालिका विद्यालय एच में शिक्षक-अभिभावक बैठक का आयोजन किया गया।बैठक की अध्यक्षता विद्यालय प्रधानाध्यापक इंदल कुमार ने की। मुख्य अतिथि के रूप में जिला परिषद की चेयरमैन ममता कुमारी उपस्थित थी।बैठक में 2% ही अभिभावको ने ही भाग लिया। इस दौरान विद्यालय प्रबंधन समिति अध्यक्ष भी नदारत दिखे। चेयरमैन ने अभिभावकों को संबोधित करते हुए बच्चों के नामांकन के साथ उनकी शत-प्रतिशत उपस्थिति सुनिश्चित करने पर जोर दिया। उन्होंने विभाग द्वारा दी जा रही सुविधाओं की भी जानकारी दी।उन्होंने अभिभावकों से अपील की कि आप भले अनपढ़ हों, लेकिन अपने बच्चों को अनपढ़ मत रखें। अपने बच्चों को रोजाना स्कूल भेजें।जब तक आपका बच्चा पढ़ेगा नहीं, तब तक समाज का विकास संभव नहीं होगा। बैठक के बाद चेयरमैन ने विद्यालय का निरक्षण किया। निरक्षण के दौरान वह एक क्लास रूम में पहुंची और बच्चों से विद्यालय में संचालित पठन-पाठन के बारे में पूछताछ की। इस दौरान उन्होंने छात्राओं को शिक्षकों के मार्गदर्शन पर पढ़ाई करने की प्रेरित की उन्होंने कहा कि इस उम्र में कुछ बच्चे अपने लक्ष्य से भटक जाते हैं, जिनका खामियाजा उन्हें जिंदगी भर भुगतना पड़ता है इसलिए आपलोगो से अपील है कि अपने लक्ष्य पर ध्यान दे। वहां मौजूद शिक्षकों से बच्चों के लिए बेहतर सुविधाएं मुहैया के निर्देश दिए।चेयरमैन ने विद्यालय परिसर में गंदगी देखकर भड़क गई, उन्होंने प्राचार्य और चपरासी को खरी खोटी सुना दी।उन्होंने साफ सफाई करने पर जोर दिया। शिक्षकों को चेतावनी दी है कि जब वह दोबारा निरीक्षण करने आयेगी तो स्कूल में साफ सफाई ठीक होनी चाहिए। प्रभारी प्राध्यापक इंदल कुमार, शिक्षक मुकेश कुमार, अनिल कुमार अकेला, देवीनंदन पांडे, शिक्षिका वीना आदि दर्जनों मौजूद थे।

### माटीकला विद्युत चाक वितरण कार्यक्रम का आयोजन

## माटीकला विद्युत चाक वितरण से आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ेंगे शिल्पकार



**चतरा :** जिला उद्योग केन्द्र के प्रांगण में शनिवार को झारखण्ड माटीकला बोर्ड चतरा एवं मुख्यमंत्री लघु एवं कुटीर उद्यम विकास बोर्ड चतरा के बैनर तले माटीकला विद्युत चाक वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए जिला उद्योग केन्द्र के महाप्रबंधक शम्भु शरण बैठा ने 40 चयनित लाभुकों के बीच 90 प्रतिशत अनुदान पर अत्याधुनिक विद्युत चाक का वितरण किया।इस अवसर पर महाप्रबंधक श्री बैठा ने कहा कि माटीकला योजना का मूल उद्देश्य परंपरागत माटी शिल्पकारों को आधुनिक तकनीकी साधन उपलब्ध कराकर उनकी उत्पादन क्षमता को सुदृढ़ करना और उन्हें आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाना है। सरकार की इस पहल से जिले के शिल्पकारों को स्वरोजगार के अधिक अवसर प्राप्त होंगे, जिससे ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी।लाभुकों में चतरा प्रखंड से 05, कान्हाचट्टी प्रखंड से 05, सिमरिया प्रखंड से 04, टंडवा प्रखंड से 05, गिद्धौर प्रखंड से 03, हंटरगंज प्रखंड से 05, प्रतापपुर प्रखंड से 01, लावालौंग प्रखंड से 04, ईटखोरी प्रखंड से 04 एवं मयूरहंड प्रखंड से 04 लाभुक शामिल रहे। सभी लाभुकों ने इस योजना के लिए जिला प्रशासन और उद्योग विभाग के प्रति आभार व्यक्त किया।जिला उद्यमी समन्वयक हेमन्त केशरी ने कहा कि माटीकला योजना न केवल परंपरागत कारीगरों को तकनीकी रूप से सशक्त बना रही है बल्कि उन्हें सम्मानजनक आजीविका का अवसर भी प्रदान कर रही है। विद्युत चाक के वितरण से हमारे शिल्पकार आधुनिक तकनीक से जुड़ेंगे, जिससे उनका परिश्रम कम होगा, उत्पादन क्षमता बढ़ेगी और बाजार की मांग को बेहतर ढंग से पूरा कर सकेंगे। यह प्रयास जिले में स्वरोजगार को बढ़ावा देने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है।कार्यक्रम का संचालन गरिमामय एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में किया गया। जिला उद्योग केन्द्र चतरा के इस सराहनीय प्रयास से जिले के पारंपरिक माटीकला व्यवसाय को नई दिशा मिलने की संभावना है, जिससे स्थानीय कारीगरों की आजीविका सुदृढ़ होगी और चतरा जिले के सामाजिक-आर्थिक परिदृश्य में सकारात्मक परिवर्तन आएगा। मौके पर जिला उद्यमी समन्वयक हेमन्त केशरी, प्रखंड उद्यमी समन्वयक अरविन्द कुमार, पिंटू कुमार, सत्येन्द्र कुमार यादव, योगेश्वर मछुआ, वेद प्रकाश कुमार, उमेश कुमार, राहुल कुमार, मुख्यमंत्री लघु एवं कुटीर उद्यम विकास बोर्ड, चतरा के प्रतिनिधिगण तथा बड़ी संख्या में माटी शिल्पकार लाभुक उपस्थित रहे।

## उपायुक्त की अध्यक्षता में हुई विकास योजनाओं की समीक्षा बैठक



संवाददाता

**चतरा।** समाहरणालय स्थित सभा कक्ष में उपायुक्त श्रीमती कीर्तिश्री जी की अध्यक्षता में शनिवार को ग्रामीण विकास विभाग अंतर्गत संचालित विभिन्न महत्वाकांक्षी योजनाओं की गहन समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में योजनाओं के प्रगति की बिंदुवार समीक्षा की गई और कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए।

बैठक में मुख्य रूप से अबुआ आवास योजना, बाबा साहब भीमराव अंबेडकर आवास योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण), पीएम जनमन, झारखंड स्टेट लाइवलीहुड प्रोमोशन सोसाइटी (जेएसएलपीएस), मनरेगा अंतर्गत बिरसा सिंचाई कूप संवर्धन योजना, मनरेगा के तहत निर्मित अपूर्ण आंगनबाड़ी केंद्रों की स्थिति, वीर शहीद पोटो हो खेल विकास योजना, मरेगा पार्क, बिरसा हरित ग्राम योजना समेत अन्य योजनाओं की समीक्षा की गई।उपायुक्त ने बैठक के क्रम में कहा कि ग्रामीण विकास की योजनाएँ सीधे आमजन के जीवन से जुड़ी हैं, इसलिए इनमें किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने विशेष रूप से अबुआ आवास योजना 2023-24 एवं 2024-25 की समीक्षा के क्रम में कहा कि जिन प्रखंडों में योजनाओं की प्रगति संतोषजनक नहीं है, वहाँ के जिम्मेवार पदाधिकारी को चिह्नित कर उनसे स्पष्टीकरण प्राप्त किया जाए और आवश्यक होने पर वेतन पर रोक की कार्रवाई भी की जाए। बैठक में सभी प्रखंड विकास पदाधिकारियों को निर्देश दिया गया कि वे अपने स्तर से नियमित समीक्षा बैठक करें, प्रगति की जानकारी प्राप्त करें और जहाँ आवश्यकता हो, सुधारात्मक कदम उठाएँ। बाबा साहब भीमराव अंबेडकर योजना को आगामी बैठक से पूर्व शत-प्रतिशत पूर्ण कराने का सख्त निर्देश भी दिया गया।

बैठक का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना था कि सरकार की योजनाएँ समय पर पूर्ण हों और इनका लाभ जिले के पात्र लाभुकों तक पारदर्शी और प्रभावी तरीके से पहुँच सके। उपायुक्त ने कहा कि जिला प्रशासन पूरी प्रतिबद्धता के साथ योजनाओं के सफल क्रियान्वयन हेतु कार्य कर रहा है, ताकि जिले के ग्रामीण क्षेत्रों का सर्वांगीण विकास सुनिश्चित हो सके।बैठक में उप विकास आयुक्त अमरेंद्र कुमार सिन्हा, निदेशक डीआरडीए अलका कुमारी, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी शकील अहमद, सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी, सभी बीपीओ सहित अन्य संबंधित पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित थे।



## रामेश्वर लाल खंडेलवाल विद्या मंदिर चतरा में हिंदी दिवस समारोह मनाया गया

**चतरा :** स्थानीय मुख्यालय क्षेत्र रामेश्वर लाल खंडेलवाल विद्या मंदिर चतरा में शनिवार को हिंदी दिवस समारोह का आयोजन किया गया।इस अवसर पर कक्षा 6 से कक्षा 10 तक के भैया बहन सम्मिलित हुए । कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के प्रधानाचार्य राहुल कुमार सिंह एवं वरिष्ठ आचार्य के द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। इस कार्यक्रम का मंच संचालन कक्षा 9 सीबीएससी के बहनों ने किया । कार्यक्रम की भूमिका प्रस्तुत करते हुए विद्यालय के आचार्य अजय कुमार पाठक ने बताया कि हिंदी जन जन और गलियों की भाषा है। हिंदी एक ऐसा भाषा है जिसे जैसा लिखा जाता है,वैसा ही पढ़ा जाता है। हिंदी दिवस मनाने की शुरूआत 14 सितंबर 1949 से नियमित रूप से किया जा रहा है ।हिंदी को राजकीय भाषा की दर्जा प्राप्त है। वहीं अंतर्राष्ट्रीय भाषा की दर्जा प्राप्त होने के लिए प्रयासरत हैं। कार्यक्रम में विद्यालय के भैया बहनों ने भी हिंदी भाषा पर कहानी एवं हिंदी भाषा से संबंधित कविताएं लोगो के सामने प्रस्तुत किया । तत्पश्चात विद्यालय के आचार्या प्रीति कुमारी ने स्वरचित कविता के माध्यम से हिंदी दिवस पर अपने विचार को प्रकट किया।इस कार्यक्रम में विद्यालय के आचार्य मनोज कुमार ने धन्यवाद ज्ञापन किया ।

## अभाविप जिला इकाई ने विश्वविद्यालय प्रशासन से परीक्षा परिणाम सुधार की मांग की

**चतरा :** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (अभाविप) चतरा इकाई ने विनोबा भावे विश्वविद्यालय द्वारा जारी स्नातक सेमेस्टर-1 (2024-28) के परीक्षा परिणाम में हुई त्रुटियों पर कड़ा विरोध दर्ज कराया है। परिषद का कहना है कि घोषित परिणाम में चतरा कॉलेज, चतरा के लगभग 50% विद्यार्थियों को प्रमोट कर दिया गया है, जो विद्यार्थियों के भविष्य के साथ खिलवाड़ के समान है।अभाविप के जिला संयोजक रौनक सिंह ने कहा कि शिक्षकों की भारी कमी के कारण अध्ययन-अध्यापन पहले से ही बाधित है और इस प्रकार परिणाम जारी करना न केवल छात्रों के परिश्रम को नकारता है बल्कि उनकी शैक्षणिक प्रगति पर भी नकारात्मक असर डालेगा।

### स्वास्थ्य मंत्री डॉ इरफान अंसारी ने रिम्स शासी परिषद की बैठक में लिया भाग

# एमआरआई मशीन की खरीद को त्वरित गति दी जाए : डॉ इरफान



**संवाददाता**

**रांची :** राज्य के सबसे बड़े सरकारी अस्पताल राजधानी रांची स्थित राजेंद्र आयुर्विज्ञान संस्थान (रिम्स) में शनिवार को रिम्स शासी परिषद की महत्वपूर्ण बैठक हुई। बैठक में स्वास्थ्य मंत्री डॉ इरफान अंसारी ने कहा कि हम रिम्स को देश के बेहतरीन संस्थानों की श्रेणी में लाना चाहते हैं। यह तभी संभव है, जब सभी जिम्मेदार अधिकारी और कर्मचारी गंभीरता से अपनी भूमिका निभाएं।

स्वास्थ्य मंत्री ने कहा, हर स्तर पर बदलाव लाने के लिए हम प्रतिबद्ध हैं। रिम्स की व्यवस्था को बदलने के लिए मैं पूरी तरह गंभीर हूं। इस दिशा में मेरी लगातार मुख्यमंत्री जी से वार्ता होती रहती है और उनका मार्गदर्शन मुझे निरंतर मिल रहा है। बहुत जल्द रिम्स में एक बड़ा और व्यापक बदलाव देखने को मिलेगा। थोड़ा समय जरूर लग सकता है, लेकिन बदलाव की बयार अब लोगों को दिखने लगी है। आने वाले समय में और भी ठोस कदम उठाए जाएंगे, जिससे मरीजों को बेहतर इलाज और आधुनिक सुविधाएं मिल सकें।

स्वास्थ्य मंत्री डॉ इरफान अंसारी ने बैठक में कहा कि सरकारी ड्यूटी के दौरान बाहर प्राइवेट प्रैक्टिस करने वाले डॉक्टरों को चिह्नित कर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। एमआरआई मशीन की खरीद प्रक्रिया को त्वरित गति देने का आदेश निदेशक को दिया गया है। ट्रॉमा सेंटर में खराब पड़े वेंटीलेटरों को शीघ्र बदलने एवं मरम्मत करने, बिल्डिंग की मरम्मत और साफ-सफाई को प्राथमिकता देने का भी निर्देश दिया गया है। अपर मुख्य सचिव अजय कुमार सिंह ने कहा कि रिम्स निदेशक को कई मुद्दों पर तत्काल कार्रवाई करने के आदेश दिए गए हैं। आने वाले समय में रिम्स में ठोस बदलाव नजर आएगा। रिम्स निदेशक ने बैठक को सकारात्मक और परिणामदायक बताया और भरोसा दिलाया कि आने वाले दिनों में रिम्स में व्यापक सुधार देखने को मिलेगा। बैठक में निर्णय लिया गया कि अगली बैठक 9 अक्टूबर 2025 को होगी, जिसमें शेष प्रस्तावों पर विस्तार से चर्चा की जाएगी।

बैठक में विधायक सुरेश कुमार बैठा, अपर मुख्य सचिव अजय कुमार सिंह, वित्त सचिव, रिम्स निदेशक, रांची विश्वविद्यालय के कुलपति, रिनपास के निदेशक, प्रमंडलीय आयुक्त सहित कई अधिकारी एवं गण्यमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

### चालीस जोड़ो का होगा सामूहिक निकाह

# दरगाही पंचायत शिक्षा को लेकर करेगा जागरूक

**संवाददाता**

**रांची :** दरगाही पंचायत हिन्दपीढ़ी द्वारा 16 दिसंबर को सामूहिक विवाह/निकाह सम्मेलन आयोजित किया जाएगा। इसको लेकर हिन्दपीढ़ी खेत मोहल्ला हुसैनी मैरिज हॉल में शहर के विभाग सामाजिक संस्थाओं के अगुआ भी जुटे।

समाज की ओर से बताया गया कि इस सामूहिक विवाह में 40 जोड़ों का निकाह कराया जाएगा। अब तक 18 जोड़ों ने अपना रजिस्ट्रेशन करा लिया है। निकाह में शामिल होने वाले दूल्हा-दुल्हन दोनों तरफ से 3-3 हजार रुपए मदद के तौर पर ली जाएगी। मौके पर समाज के लोगों ने सम्मेलन के लिए 80 हजार रुपए भी सहयोग के रूप में जुटाए।

निकाह के दौरान शादी वाले जोड़ों को दरगाही पंचायत की ओर से फर्नीचर और बर्तन दहेज



के रूप में दिए जायेंगे !कार्यक्रम के दौरान समाज में शिक्षा को बढ़ावा देने पर जोर दिया गया। वक्ताओं ने कहा कि बच्चों को बेहतर शिक्षा दिलाना समय की जरूरत है और समाज के विकास के लिए हर परिवार को शिक्षा पर ध्यान देना चाहिए। पिछले साल भी पंचायत की ओर से सामूहिक विवाह सम्मेलन का सफल आयोजन किया गया था! बैठक में मो. अनवर अंसारी, हाजी सरफराज आलम, कैसर आलम, इमरान खान, मोहम्मद वसीम, शमीम मास्टर, मो. शाहिद, सादिक आमीन, गुलाम मुस्तफा,एजाज अहमद, हाजी सलीम, ताजुद्दीन, अब्दुल मनान, मो. इम्तियाज, अरमान खान, नाजिम अली, कैमुद्दीन जफर, मास्टर मोख्तार, मासूम अली सहित कई लोग मौजूद थे!

## 30 अज्ञात शवों का पूरे विधि विधान से हुआ अंतिम संस्कार

**रांची :** रविवार को मुक्ति संस्था के द्वारा जुमार नदी के तट पर 30 अज्ञात शवों का पूरे विधि विधान से अंतिम संस्कार किया गया । मुक्ति संस्था के सदस्यों ने रिम्स के मोर्चरी गृह से अज्ञात शवों को निकालकर पैक कर जुमार नदी के तट पर लेकर गए इस दौरान संस्था के अध्यक्ष प्रवीण लोहिया ने अज्ञात शवों को मुखाग्नि दी। संस्था के अध्यक्ष प्रवीण लोहिया ने बताया कि मुक्ति संस्था द्वारा अबतक कुल 2064 अज्ञात शवों का अंतिम संस्कार किया गया है। मौके पर संस्था के अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

### रुक्मणी विवाह, महारास और उद्धव गोपी संवाद से भाव विभोर हुए भक्त

# भक्ति-प्रेम का मिलन बृजवासियों से सीखना चाहिए : मां चैतन्य मीरा

**रांची।** अखिल भारतीय मारवाड़ी महिला मंच से आयोजित श्रीमद्भागवत कथा के छठे दिन मां चैतन्य मीरा ने रुक्मणी विवाह, महारास और उद्धव गोपी संवाद सुनाया। साथ ही, कृष्ण-रुक्मणी विवाह के उपलक्ष्य में एक जरूरतमंद जोड़े का विवाह भी करवाया गया एवं उसे घर की जरूरत की सामग्री एवं उपहार दिए गए।

कथा के प्रारंभ में संस्था के सदस्यों ने आरती की। इसके बाद गुरु मां चैतन्य मीरा ने सभी को ध्यान के माध्यम से कृष्ण से जोड़ने का प्रयास किया। उन्होंने बताया कि कुछ क्षण के ध्यान से ही यदि हम शांति महसूस कर सकते हैं और सकारात्मक अनुभूति का अनुभव कर सकते हैं, तो सोचिए नित्य यदि हम योग और ध्यान करें, तो हमारा शरीर मानसिक तनाव अनिद्रा जैसी बीमारियों से दूर होकर एक अलग आनंद और भक्ति का अनुभव प्राप्त कर सकता है।

मां चैतन्य मीरा ने बताया कि कृष्ण की एक बांसुरी की धुन पर समस्त गोपिया दौड़ी चली आई थीं और लंबे समय तक उनके साथ रास रचाती थीं। हर गोपी के दो रूप हो गए थे। एक शरीर जो महारास में होता था और कन्हैया ने एक ऐसा वातावरण बना दिया था की एक और वही गोपी अपने-अपने घरों में अपने दैनिक कार्य करती रहती थीं। जब कृष्ण को मथुरा जाना पड़ा, तो समस्त गोप-गोपी इस प्रकार से हो गए कि उनसे उनका सब कुछ अलग हो रहा है। वे दूर तक कृष्ण के साथ उनके रथ के पीछे-पीछे दौड़ते रहे। भक्ति और प्रेम का अद्भुत मिलन क्या है, यह हमें बृजवासियों से सीखना चाहिए।

आज भी जिस प्रकार से यमुना मैया वृंदावन में सभी को दर्शन दे रही हैं, लोग किस प्रकार से उसका आनंद प्राप्त कर रहे हैं, यह प्रेम और भक्ति नहीं तो क्या है। प्रेम की असली परिभाषा ही गोपियां हैं। जब उद्धव गोपियों को समझाने जाते हैं, तो गोपियों का प्रेम भाव देखकर उनकी कृष्ण के प्रति प्रेम में भक्ति को सुनकर वह समझ गए कि उनका ज्ञान इस प्रेम के आगे शून्य है। गुरु मां ने बताया कि जब हम किसी से प्रेम करें, तो हमें ज्ञान नहीं लगना चाहिए। आज परिवार में जो लोग एक नहीं हो रहे हैं, जो आपसी गृह क्लेश चल रहे हैं, उनका एक ही कारण है कि वे प्रेम भूल जाते हैं। ज्ञान का ज्यादा उपयोग कर लेते हैं और यही हमें एक-दूसरे से अलग करता है। अंत में किस प्रकार से कन्हैया ने रुक्मणी जी का हरण किया और उनसे विवाह किया, कथा के माध्यम से गुरु मां ने बताया। इस मनोहर झांकी के दर्शन कर सभी भक्त मंत्र मुग्ध हो गए । सभी ने आनंद के साथ कृष्ण-रुक्मणी की वरमाला करवाई। मंगल गीत गाए और आपस में सभी ने नृत्य के साथ एक दूसरे को बधाइयां दीं। कथा में मुख्य रूप से नीरा बथवाल, रूपा अग्रवाल ,गीता डालमिया, अनसूया नेवटिया, अलका सरावगी, मधु सर्राफ, उर्मिला पाड़िया, रीना सुरेखा, प्रीती पोद्दार ,बीना मोदी, बीना बूबना, प्रीती बंका, प्रीति अग्रवाल, शोभा हेतमसरिया, संगीता गोयल, ममता बूबना, ललिता नारसरिया, सीमा पोद्दार, सरिता अग्रवाल, सीमा टॉटीया, रीता केडिया, मंजू गाड़ोदिया, मंजू केडिया, बबीता नारसरिया, जया बिजावत, सुनीता मेवाड़ा, सुनीता सरावगी, करुणा अग्रवाल, मीरा टिंबरेवाल, शोभा जाजू, रेखा अग्रवाल, अनू पोद्दार, सुनैना लॉयलका, कलावती अग्रवाल सीमा अग्रवाल, विद्या अग्रवाल, रेनू छापड़िया, कमला विजयवर्गीय, साक्षी अग्रवाल, पुष्पा खेतान, पदमा बंका, कुसुम मोर, नैना मोर आदि सदस्य उपस्थित थीं। ये जानकारी मीडिया प्रभारी रीना सुरेखा ने दी।

## 170वें भंडारे में 2500 से ज्यादा भक्तों ने ग्रहण किया प्रसाद

**रांची।** श्री श्याम मित्र मंडल ने हरमू रोड के श्री श्याम मंदिर में शनिवार को 170वें श्री श्याम भंडारे का भव्य आयोजन किया। 2500 से ज्यादा भक्तों ने प्रसाद प्राप्त किया। श्री श्याम मित्र मंडल के अध्यक्ष गोपाल मुरारका, महामंत्री गौरव अग्रवाल, कोषाध्यक्ष मनोज खेतान, उपाध्यक्ष अशोक लड़ियां, निवर्तमान महामंत्री विश्वनाथ नारसरिया, श्यामसुंदर शर्मा, अमित एवं मनीषा अग्रवाल, और नवीन अग्रवाल ने संयुक्त रूप से श्री श्याम भोग का भजन गायन किया। ठाकुर जी से भोग स्वीकार करने का अनुरोध किया। खाटूनरेश, बजरंगबली, शिव परिवार, लड्डू गोपाल जी, शालिग्राम जी, गरुड़ जी, गुरुजनों का भोग लगाकर महाप्रसाद को विशाल भंडारे में मिश्रित किया गया। अमित व मनीषा अग्रवाल एवं परिवार ने सर्वप्रथम मंदिर के आचार्यों को भोग प्रसाद खिलाकर आशीर्वाद प्राप्त किया। प्रथम देव श्री गणेश जी महाराज की जय जयकारों के बीच श्री श्याम भंडारे का प्रसाद वितरण प्रारंभ किया गया। श्री श्याम मंदिर में निर्मित प्रसाद में आज के भंडारे में दाल बाटी, चूरमा चौखा का प्रसाद वितरित किया गया।

# प्रधानमंत्री के जन्मदिन पर रांची में कई कार्यक्रमों का होगा आयोजन

**संवाददाता**

**रांची :** रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने रांची स्थित अपने केंद्रीय कार्यालय में शनिवार को पत्रकारों के साथ संवाद किया। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 75वें जन्मदिन पर रांची में आयोजित सेवा पखवारा के विस्तृत कार्यक्रमों की जानकारी दी।

संजय सेठ ने बताया कि रांची में प्रधानमंत्री का जन्मदिन 17 सितंबर को ऐतिहासिक रूप से मनाया जाएगा, जो 2 अक्टूबर 2025 तक चलेगा। इस दौरान अलग-अलग दिन, अलग-अलग कार्यक्रम होंगे।

उन्होंने कहा कि 17 सितंबर को हवन अनुष्ठान कार्यक्रम का आयोजन होगा। इस मौके पर 75 स्वच्छता दूतों, 75 पैरामेडिकल स्टाफ, 75 नर्स, 75 किसान, 75 साहित्यकार, 75 सोशल मीडिया इनफ्लुएंसर, 75 वोकल फॉर लोकल दूत, 75 खिलाड़ी, 75 भूतपूर्व सैनिक, 75 कलाकार, 75 शिक्षक सहित समाज की सेवा कर रहे ऐसे अलग-अलग क्षेत्र के 75 लोगों को सम्मानित किया जाएगा।

इसी दिन काजू बागान स्थित सांसद संजय सेठ के आवास परिसर में रक्तदान शिविर का भी आयोजन होगा। इसमें सैकड़ों की संख्या में युवा रक्तदान करेंगे। इसी दिन स्वास्थ्य जांच शिविर भी लगाया जाएगा, जिसमें हजारों नागरिकों और ग्रामीणों की निःशुल्क स्वास्थ्य जांच की जाएगी। उन्हें आवश्यक सुझाव भी दिए जाएंगे।

संजय सेठ प्रधानमंत्री के जन्मदिन पर रांची लोकसभा क्षेत्र में 3,000 सोलर लाइट का शुभारंभ करेंगे। प्लास्टिक मुक्त भारत की ओर एक कदम के तहत 25,000 जूट बैग का वितरण पूरे लोकसभा क्षेत्र में किया जाएगा।

रांची लोकसभा क्षेत्र के हर परिवार को फैमिली प्रोटेक्शन लॉगबुक भी निःशुल्क उपलब्ध कराया जाएगा। इसका शुभारंभ भी पीएम के जन्मदिन पर ही होगा। ह्यकरो योग रहो निरोगह्व के लक्ष्य के साथ योग मैट का भी वितरण लोकसभा क्षेत्र में किया जाएगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के अवसर पर रांची के जवाहर नगर में नमो पार्क का भी शुभारंभ किया जाएगा।

इस पत्रकार वार्ता में रांची महानगर भाजपा अध्यक्ष वरुण साहू और रांची ग्रामीण जिला अध्यक्ष धीरज महतो प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

## साइक्लोथॉन के साथ 21 सितंबर को होगा सांसद खेल महोत्सव का आगाज

**रांची :** रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने बताया ह्यफिट युवा फॉर विकसित भारतह्न के लक्ष्य के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रेरणा से रांची में सांसद खेल महोत्सव 2025 का भव्य आगाज होने जा रहा है। इस महोत्सव का शुभारंभ 21 सितंबर 2025 को साइक्लोथॉन के साथ होगा। रांची के हजारों लोग विकसित भारत, आत्मनिर्भर भारत और स्वदेशी अपनाओ के संकल्प के साथ साइकिल यात्रा करेंगे।

इस साइक्लोथॉन में केंद्रीय खेल एवं युवा मामलों की राज्य मंत्री रक्षा खडसे, विश्व स्तर पर साइकिल चैंपियनशिप में भाग लेकर कई मेडल जीतने वाली कमांडर गौरी मिश्रा सहित कई गण्यमान्य लोग भाग लेंगे।

बताया गया कि इस महोत्सव के लिए रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया आरंभ है। इसमें ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन के माध्यम से प्रतिभागी भाग ले सकते हैं। ऑफलाइन रजिस्ट्रेशन के लिए रांची सांसद के केंद्रीय कार्यालय और झारखंड ओलंपिक एसोसिएशन के कार्यालय से भी संपर्क किया जा सकता है। इस बार के खेल महोत्सव में आयोजन सभी विधानसभा क्षेत्र में होंगे। 12 अक्टूबर को मैराथन आयोजित होगा, जिसमें 25000 से अधिक लोग शामिल होंगे।

### रांची नगर निगम के उप प्रशासक ने किया निरीक्षण

# अपर बाजार क्षेत्र के छह प्रतिष्ठानों पर लगाया गया 18000 रुपए जुर्माना

**संवाददाता**

**रांची :** रांची नगर निगम शहर को कूड़ा मुक्त एवं स्वच्छ बनाने के लिए वृहद स्तर पर सफाई अभियान चला रहा है। इसके अंतर्गत स्रोत पृथक्करण (गीला-सूखा कचरा अलग करना) पर जोर दिया जा रहा है। साथ ही, सड़क व बाजार क्षेत्र में कचरा फैलाने वालों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जा रही है।

इसी क्रम में शनिवार को रांची नगर निगम के उप प्रशासक रवींद्र कुमार के नेतृत्व में अपर बाजार क्षेत्र का निरीक्षण किया गया। इस दौरान सफाई व्यवस्था का जायजा लिया गया एवं गंदगी फैलाने वाले छह प्रतिष्ठानों पर कुल 18,000 रुपए का जुमार्ना लगाया गया।

उप प्रशासक ने प्रत्येक प्रतिष्ठान में हरा एवं नीला डस्टबिन अनिवार्य रूप से रखने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि रांची नगर निगम अब ह्यजीरो टॉलरेंस ऑन लिटरिंगह्व की नीति पर कार्य कर रहा है। नियमों का उल्लंघन करने वालों पर आगे भी इसी तरह कड़ी कार्रवाई की जाएगी। निरीक्षण दल में सहायक प्रशासक चंद्रदीप कुमार, नगर प्रबंधक, इनफोर्समेंट टीम एवं संबंधित सुपरवाइजर शामिल थे। इधर, रांची नगर निगम सभी भवन मालिकों और प्रतिष्ठानों को पुनः निर्देश दिया है कि गीला व सूखा कचरा अलग-अलग कर ही निगम के वाहनों को दिया जाए।

# भाजयुमो जिला कार्यसमिति की बैठक

### मुख्य अतिथि सांसद कालीचरण सिंह ने की शिरकत




**चतरा।**जिला भाजपा कार्यालय में शनिवार को भारतीय जनता युवा मोर्चा की जिला कार्यसमिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में चतरा सांसद कालीचरण सिंह बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए। बैठक की अध्यक्षता युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष सुमन सौरभ ने की। बैठक को संबोधित करते हुए सांसद श्री सिंह ने कहा कि युवा किसी भी समाज और देश की ताकत होते हैं। आप लोग आज जिस पंक्ति में बैठे हैं, कभी हम भी युवा मोर्चा के सदस्य के रूप में इसी पंक्ति में बैठा करते थे। उन्होंने कहा कि युवा वर्ग के मेहनत, ऊर्जा और संकल्प से ही राष्ट्र का भविष्य तय होता है। सांसद ने कार्यकताओं से संगठन की मजबूती और समाज सेवा को सर्वोच्च प्राथमिकता देने की अपील की। उन्होंने कहा कि भाजपा का इतिहास ही युवाओं की सक्रिय भागीदारी से बना है और आने वाले समय में भी युवाओं की अहम भूमिका होगी।इस अवसर पर भाजपा युवा मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष अमन यादव, भाजपा मीडिया प्रभारी काली यादव, सुजीत जायसवाल, जिला कार्यसमिति के पदाधिकारियों एवं युवा मोर्चा के सदस्य मौजूद रहे।

# सांसद कालीचरण सिंह ने सिमरिया में अभिभावक-शिक्षक बैठक में की शिरकत कहा,शिक्षित बेटी से बदलता है समाज

**चतरा।** चतरा लोकसभा क्षेत्र के सांसद कालीचरण सिंह शनिवार को सीएम स्कूल ऑफ एक्सीलेंस गर्ल्स, सिमरिया में आयोजित अभिभावक-शिक्षक संगोष्ठी में शामिल हुए।कार्यक्रम में विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाओं और अभिभावकों ने सांसद का गर्मजोशी से स्वागत किया।बैठक के दौरान सांसद श्री सिंह ने विद्यालय की शैक्षणिक प्रगति, छात्राओं की पढ़ाई की व्यवस्था और शिक्षकों की भूमिका पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने कहा कि शिक्षा समाज और राष्ट्र की सबसे बड़ी ताकत है। विशेषकर बेटियों की शिक्षा से पूरे परिवार और समाज को नई दिशा मिलती है। सांसद ने शिक्षकों से आह्वान किया कि वे पढ़ाई में आधुनिक तकनीक और नवाचारों को अपनाएं, ताकि छात्राएँ प्रतियोगी परीक्षाओं में सफलता हासिल कर सकें। उन्होंने अभिभावकों से भी आग्रह किया कि वे अपनी बच्चियों की पढ़ाई में पूरा सहयोग दें और उन्हें आगे बढ़ाने के लिए निरंतर प्रोत्साहित करें। श्री सिंह ने आश्वासन दिया कि शिक्षा के क्षेत्र में आने वाली किसी भी समस्या को प्राथमिकता पर लिया जाएगा और समाधान सुनिश्चित किया जाएगा।


## उपायुक्त-सह-जिला दण्डाधिकारी का कार्यालय, रामगढ़

(जिला क्रीड़ा शाखा)

दूरभाष : ..............................

Email ID : ramgarh-sports@jharkhandmail.gov.in
dsoramgarh48@gmail.com

**सूचना**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि निदेशक, खेलकूद एवं युवाकार्य निदेशालय, झारखण्ड़ राँची के ज्ञापांक 554 दिनांक 10.09.2025 के निदेशानुसार राज्य के विभिन्न जिलों में संचालित आवासीय क्रीड़ा प्रशिक्षण केन्द्र, सेन्टर ऑफ एक्सेलेन्स एवं जे0एस0एस0पी0एस0 अन्तर्गत संचालित प्रशिक्षण केन्द्रों में प्रवेश हेतु प्रशिक्षुओं के चयन के लिए जिला स्तर एवं राज्य स्तर तक प्रतिभा चयन प्रतियोगिता, 2025–26 का आयोजन किया जा रहा है। जिस निमित रामगढ़ जिला अन्तर्गत दिनांक 18.09.2025 एवं 19.09.2025 को किया जाना निर्धारित है, जिसकी विवरणी निम्नवत् है:–

| क्र0 सं0 | प्रतियोगिता का स्तर | खेल विद्या | आवासीय क्रीड़ा प्रशिक्षण केन्द्र एवं जे0एस0एस0पी0एस0 प्रशिक्षण केन्द्र हेतु वर्गवार रिक्तियाँ | | सेन्टर ऑफ एक्सेलेन्स हेतु वर्गवार रिक्तियाँ | | चयन एवं पंजीकरण का स्थल | पंजीकरण की तिथि एवं ट्रायल का समय | प्रतिभागियों का सामान्य कौशल/विशिष्ट प्रशिक्षण |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | बालक | बालिका | बालक | बालिका | | | |
| 01 | जिला स्तरीय प्रतिभा चयन ट्रायल | फुटबॉल | 06 | 05 | 01 | 02 | रामगढ़ कॉलेज मैदान, रामगढ़ | 18.09.2025 को प्रातः 08:00 बजे से शाम 04:00 बजे तक | सभी प्रतिभागियों का Battery Test रामगढ़ कॉलेज रामगढ़ में होगा। कुश्ती और बैडमिन्ट का Skill Test इण्डोर स्टेडियम, छत्तरमाण्डू, रामगढ़ में होगा। |
| 02 | | एथलेटिक्स | 03 | 01 | 00 | 00 | | | |
| 03 | | कबड्डी | 00 | 01 | 00 | 00 | | | |
| 04 | | कुश्ती | 01 | 00 | 01 | 01 | इण्डोर स्टेडियम, छत्तरमाण्डू, रामगढ़। | 19.09.2025 को प्रातः 08:00 बजे से शाम 04:00 बजे तक | |
| 05 | | बैडमिन्टन | 01 | 04 | 02 | 03 | | | |

**आयोजन से संबंधित दिशा–निर्देश**

1. आवासीय क्रीड़ा प्रशिक्षण केन्द्र एवं जे0एस0एस0पी0एस0 प्रशिक्षण केन्द्र में प्रवेश हेतु संबंधित चयन प्रतियोगिता में भाग लेने वाले खिलाड़ियो की आयु सीमा 10 से 14 वर्ष के बीच होना चाहिए। (उम्र सीमा की गणना वित्तीय वर्ष 2025–26 के 01 अप्रैल को 10 वर्ष की आयु पूर्ण कर लिया हो एवं 14 वर्ष की आयु पूर्ण नहीं किया हो की जायेगी)
2. सेन्टर ऑफ एक्सेलेन्स (एकलव्य केन्द्र) हेतु प्रशिक्षण केन्द्र में प्रवेश हेतु संबंधित चयन प्रतियोगिता में भाग लेने वाले खिलाड़ियो की आयु सीमा 16 से 22 वर्ष के बीच होना चाहिए। (उम्र सीमा की गणना वित्तीय वर्ष 2025–26 के 01 अप्रैल को 16 वर्ष की आयु पूर्ण कर लिया हो एवं 22 वर्ष की आयु पूर्ण नहीं किया हो की जायेगी)
3. प्रतिभागियों जन्म प्रमाण पत्र/आधार कार्ड/दो अद्यतन पासपोट साईज रंगीन फोटोग्राफ, खेल उपलब्धि प्रमाण–पत्र (यदि हो तो) लाना अनिवार्य होगा।
4. सभी खिलाड़ी आयोजन स्थल पर आवश्यक खेल किट के साथ उपस्थित होंगे।
5. प्रतिभागियों का चयन Battery Test (NSTC Norms) एवं Sprcific Skill Test के आधार पर होगी।
6. प्रतिभागी खिलाड़ी आयोजन स्थल पर आवेदन प्रपत्र के साथ प्रातः 08.00 बजे तक अनिवार्य रूप से उपस्थित होना सुनिश्चित करेंगे।

उक्त प्रतिभा चयन प्रतियोगिता में भाग लेने वाले इच्छुक प्रतिभागी आवेदन पर रामगढ़ जिला के वेबासाईट www.ramgarh.nic.in से डाउनलोड कर सकते है साथ ही अधिक जानकारी हेतु जिला खेल कार्यालय, रामगढ़ के जिला खेल समन्वयक, रामगढ़–7484914066 से में सम्पर्क कर सकते है।

ह0/–
जिला क्रीड़ा पदाधिकारी,
रामगढ़

PR 361829 District (25-26)_D



# हिन्दी दिवस आज



हिन्दी दिवस प्रत्येक वर्ष 14 सितम्बर को मनाया जाता है। 14 सितम्बर 1949 को ही संविधान सभा ने यह निर्णय लिया था कि हिन्दी केन्द्र सरकार की आधिकारिक भाषा होगी। चूंकि भारत मे अधिकतर क्षेत्रों में हिन्दी भाषा बोली जाती थी, इसलिए हिन्दी को राजभाषा बनाने का निर्णय लिया और इसी निर्णय के महत्व को प्रतिपादित करने तथा हिन्दी को प्रत्येक क्षेत्र में प्रसारित करने के लिये वर्ष 1953 से पूरे भारत में 14 सितम्बर को प्रतिवर्ष हिन्दी-दिवस के रूप में मनाया जाता है। स्वतन्त्रता प्राप्ति के बाद हिन्दी को आधिकारिक भाषा के रूप में स्थापित करवाने के लिए काका कालेलकर, हजारीप्रसाद द्विवेदी, सेठ गोविन्ददास आदि साहित्यकारों को साथ लेकर व्यौहार राजेन्द्र सिंह ने अथक प्रयास किये।

## इतिहास

**मुख्य लेख: हिन्दी दिवस का इतिहास**

वर्ष 1918 में गांधी जी ने हिन्दी साहित्य सम्मेलन में हिन्दी भाषा को राजभाषा बनाने को कहा था। इसे गांधी जी ने जनमानस की भाषा भी कहा था।[1] वर्ष 1949 में स्वतंत्र भारत की राजभाषा के प्रश्न पर 14 सितम्बर 1949 को काफी विचार-विमर्श के बाद यह निर्णय लिया गया जो भारतीय संविधान के भाग 17 के अध्याय की अनुच्छेद 343(1) में इस प्रकार वर्णित है.[2][3] संघ की राजभाषा हिन्दी और लिपि देवनागरी होगी। संघ के राजकीय प्रयोजनों के लिए प्रयोग होने वाले अंकों का रूप अन्तरराष्ट्रीय रूप होगा।[4] इस निर्णय के बाद मूल हिन्दोस्तानी बोली उर्दू के शकल से प्रतिस्थापित हो जाते हैं।

**शब्द हिन्दोस्तानी और उर्दू 20 वी सदी की पहली दहाई में समार्थक हुवा करता था।**

यह निर्णय 14 सितम्बर को लिया गया, इसी दिन हिन्दी के मूर्धन्य साहित्यकार व्यौहार राजेन्द्र सिंह का 50वाँ जन्मदिन था, इस कारण हिन्दी दिवस के लिए इस दिन को श्रेष्ठ माना गया था। हालांकि जब राष्ट्रभाषा के रूप में इसे चुना गया और लागू किया गया तो अ-हिन्दी भाषी राज्य के लोग इसका विरोध करने लगे और अंग्रेजी को भी राजभाषा का दर्जा देना पड़ा। इस कारण हिन्दी में भी अंग्रेजी language like english का प्रभाव पड़ने लगा।[5] राजस्थानी भाषा के कई शब्द कोस है

### कार्यक्रम

हिन्दी दिवस के दौरान कई कार्यक्रम होते हैं। इस दिन छात्र-छात्राओं को हिन्दी के प्रति सम्मान और दैनिक व्यवहार में हिन्दी के उपयोग करने आदि की शिक्षा दी जाती है।[6] जिसमें हिन्दी निबन्ध लेखन, वाद-विवाद हिन्दी टंकण प्रतियोगिता आदि होता है।[7] हिन्दी दिवस पर हिन्दी के प्रति लोगों को प्रेरित करने हेतु भाषा सम्मान की शुरुआत की गई है। यह सम्मान प्रतिवर्ष देश के ऐसे व्यक्तित्व को दिया जाएगा जिसने जन-जन में हिन्दी भाषा के प्रयोग एवं उत्थान के लिए विशेष योगदान दिया है। इसके लिए सम्मान स्वरूप एक लाख एक हजार रुपये दिये जाते हैं।[8][9] हिन्दी में निबन्ध लेखन प्रतियोगिता के द्वारा कई जगह पर हिन्दी भाषा के विकास और विस्तार हेतु कई सुझाव भी प्राप्त किए जाते हैं। लेकिन अगले दिन सभी हिन्दी भाषा को भूल जाते हैं।[10] हिन्दी भाषा को कुछ और दिन याद रखें इस कारण राष्ट्रभाषा सप्ताह का भी आयोजन होता है। जिससे यह कम से कम वर्ष में एक सप्ताह के लिए तो रहती ही है।[11]

### हिन्दी निबन्ध लेखन

- वाद-विवाद
- विचार गोष्ठी
- काव्य गोष्ठी
- श्रुतलेखन प्रतियोगिता
- हिन्दी टंकण प्रतियोगिता
- कवि सम्मेलन
- पुरस्कार समारोह
- राजभाषा सप्ताह

### उत्पादक

बोलने वालों की संख्या के अनुसार अंग्रेजी और चीनी भाषा के बाद हिन्दी भाषा पूरे दुनिया में तीसरी सबसे बड़ी भाषा है। लेकिन उसे अच्छी तरह से समझने, पढ़ने और लिखने वालों में यह संख्या बहुत ही कम है। यह और भी कम होती जा रही। इसके साथ ही हिन्दी भाषा पर अंग्रेजी के शब्दों का भी बहुत अधिक प्रभाव हुआ है और कई शब्द प्रचलन से हट गए और अंग्रेजी के शब्द ने उसकी जगह ले ली है। जिससे भविष्य में भाषा के विलुप्त होने की भी संभावना अधिक बढ़ गयी है। इस कारण ऐसे लोग जो हिन्दी का ज्ञान रखते हैं या हिन्दी भाषा जानते हैं, उन्हें हिन्दी के प्रति अपने कर्तव्य का बोध करवाने के लिए इस दिन को हिन्दी दिवस के रूप में मनाया जाता है जिससे वे सभी अपने कर्तव्य का पालन कर हिन्दी भाषा को भविष्य में विलुप्त होने से बचा सकें। लेकिन लोग और सरकार दोनों ही इसके लिए उदासीन दिखती है। हिन्दी तो अपने घर में ही दासी के रूप में रहती है।[13] हिन्दी को आज तक संयुक्त राष्ट्र संघ की भाषा नहीं बनाया जा सका है। इसे विडम्बना ही कहेंगे कि योग को 177 देशों का समर्थन मिला, लेकिन हिन्दी के लिए 129 देशों का समर्थन क्या नहीं जुटाया जा सकता ?[14] इसके ऐसे हालात आ गए हैं कि हिन्दी दिवस के दिन भी कई लोगों को ट्विटर पर हिन्दी में बोलो जैसे शब्दों का उपयोग करना पड़ रहा है।[15][16] अमर उजाला ने भी लोगों से विनती की कि कम से कम हिन्दी दिवस के दिन हिन्दी में ट्वीट करें।[17]

### उद्देश्य

इसका मुख्य उद्देश्य वर्ष में एक दिन इस बात से लोगों के समक्ष रखना है कि जब तक वे हिन्दी का उपयोग पूर्ण रूप से नहीं करेंगे तब तक हिन्दी भाषा का विकास नहीं हो सकता है। इस एक दिन सभी सरकारी कार्यालयों में अंग्रेजी के स्थान पर हिन्दी का उपयोग करने की सलाह दी जाती है। इसके अतिरिक्त जो वर्ष भर हिन्दी में अच्छे विकास कार्य करता है और अपने कार्य में हिन्दी का अच्छी तरह से उपयोग करता है, उसे पुरस्कार द्वारा सम्मानित किया जाता है।[18]

कई लोग अपने सामान्य बोलचाल में भी अंग्रेजी भाषा के शब्दों का या अंग्रेजी का उपयोग करते हैं, जिससे धीरे धीरे हिन्दी के अस्तित्व को खतरा पहुँच रहा है। जिस प्रकार से टेलीविजन से लेकर विद्यालयों तक और सामाजिक संचार माध्यम से लेकर निजी तकनीकी संस्थानों एवं निजी कार्यालयों तक में अंग्रेजी का दबदबा कायम है । उससे लगता है कि अपनी मातृभाषा हिन्दी धीरे–धीरे क्षीण और फिर दशकों बाद विलुप्त ना हो जाये। यदि शीघ्र ही हम छोटे–छोटे प्रयासों द्वारा अपनी मातृभाषा हिन्दी को अपने जीवन में एक अनिवार्य स्थान नहीं देंगे तो यह दूसरी भाषाओं से हो रही स्पर्धा में बहुत पीछे रह जायेगी ।[19] यहाँ तक कि वाराणसी में स्थित विश्व में सबसे बड़ी हिन्दी संस्था आज बहुत ही खस्ता स्थिति में है।[20] इस कारण इस दिन उन सभी से निवेदन किया जाता है कि वे अपने बोलचाल की भाषा में भी हिन्दी का ही उपयोग करें। इसके अतिरिक्त लोगों को अपने विचार आदि को हिन्दी में लिखने भी कहा जाता है। चूँकि हिन्दी भाषा में लिखने हेतु बहुत कम उपकरण के बारे में ही लोगों को पता है, इस कारण इस दिन हिन्दी भाषा में लिखने, जाँच करने और शब्दकोश के बारे में जानकारी दी जाती है। हिन्दी भाषा के विकास के लिए कुछ लोगों के द्वारा कार्य करने से कोई विशेष लाभ नहीं होगा। इसके लिए सभी को एक जुट होकर हिन्दी के विकास को नए आयाम तक पहुँचाना होगा। हिन्दी भाषा के विकास और विलुप्त होने से बचाने के लिए यह अनिवार्य है।

### हिन्दी सप्ताह

**मुख्य लेख: राजभाषा सप्ताह**

हिन्दी सप्ताह 14 सितम्बर से एक सप्ताह के लिए मनाया जाता है। इस पूरे सप्ताह अलग अलग प्रतियोगिता का आयोजन किया जाता है। यह आयोजन विद्यालय और कार्यालय दोनों में किया जाता है। इसका मूल उद्देश्य हिन्दी भाषा के लिए विकास की भावना को लोगों में केवल हिन्दी दिवस तक ही सीमित न कर उसे और अधिक बढ़ाना है। इन सात दिनों में लोगों को निबन्ध लेखन, आदि के द्वारा हिन्दी भाषा के विकास और उसके उपयोग के लाभ और न उपयोग करने पर हानि के बारे में समझाया जाता है।

### पुरस्कार

हिन्दी दिवस पर हिन्दी के प्रति लोगों को उत्साहित करने हेतु पुरस्कार समारोह भी आयोजित किया जाता है। जिसमें कार्य के दौरान अच्छी हिन्दी का उपयोग करने वाले को यह पुरस्कार दिया जाता है। यह पहले राजनेताओं के नाम पर था, जिसे बाद में बदल कर राष्ट्रभाषा कीर्ति पुरस्कार और राष्ट्रभाषा गौरव पुरस्कार कर दिया गया। राष्ट्रभाषा गौरव पुरस्कार लोगों को दिया जाता है जबकि राष्ट्रभाषा कीर्ति पुरस्कार किसी विभाग, समिति आदि को दिया जाता है।[22][23]

## राजभाषा गौरव पुरस्कार

**मुख्य लेख: राजभाषा गौरव पुरस्कार**

यह पुरस्कार तकनीकी या विज्ञान के विषय पर लिखने वाले किसी भी भारतीय नागरिक को दिया जाता है। इसमें दस हजार से लेकर दो लाख रुपये के 13 पुरस्कार होते हैं। इसमें प्रथम पुरस्कार प्राप्त करने वाले को २ लाख रूपए, द्वितीय पुरस्कार प्राप्त करने वाले को डेढ़ लाख रूपए और तृतीय पुरस्कार प्राप्त करने वाले को पचहत्तर हजार रुपये मिलता है। साथ ही दस लोगों को प्रोत्साहन पुरस्कार के रूप में दस-दस हजार रूपए प्रदान किए जाते हैं। पुरस्कार प्राप्त सभी लोगों को स्मृति चिह्न भी दिया जाता है। इसका मूल उद्देश्य तकनीकी और विज्ञान के क्षेत्र में हिन्दी भाषा को आगे बढ़ाना है।





जितिया या जीवित्पुत्रिका व्रत आश्विन माह के कृष्ण पक्ष की अष्टमी को मनाया जाने वाला एक प्राचीन हिंदू त्योहार है, जो माताएं अपने पुत्रों के स्वास्थ्य, सुख और लंबी आयु के लिए करती हैं. इस व्रत में भगवान जीमूतवाहन की पूजा की जाती है और महाभारत से भी इसका संबंध बताया जाता है. एक कथा के अनुसार, चील और लोमड़ी के उपवास के उदाहरण से यह व्रत पुत्रों की लंबी आयु के लिए रखा जाता है.

# जिउतिया व्रत आज

जिउतिया (जिसे जिउतिया भी कहते हैं) एक व्रत है जिसमें निर्जला (बिना पानी के) उपवास पूरे दिन किया जाता है और माताओं द्वारा अपने बच्चों की लंबी उम्र,कल्याण के लिए मनाया जाता है। बिक्रम संवत के आश्विन माह में कृष्ण-पक्ष के सातवें से नौवें चंद्र दिवस तक तीन-दिवसीय त्योहार मनाया जाता है। यह मुख्य रूप से नेपाल के मिथिला और थरुहट, भारतीय राज्यों बिहार , झारखंड , उत्तर प्रदेश और पश्चिम बंगाल के लोगों द्वारा मनाया जाता है। इसके अलावा, यह व्यापक रूप से पूर्वी थारू और सुदूर-पूर्वी मधेसी लोगों द्वारा मानाया जाता है।[1]

**नियम :- व्रत के दिन सोया और कुछ खाया नहीं जाता है।**

### विवरण

हिंदू विक्रम संवत के अश्विन माह में कृष्ण पक्ष के सातवें से नौवें चंद्र दिवस तक तीन दिन तक चलने वाला त्योहार मनाया जाता है। जिवितपुत्रिका के पहले दिन को नहाय-खाय के नाम से जाना जाता है। उस दिन माताएं स्नान करने के बाद ही भोजन ग्रहण करती हैं। जिवितपुत्रिका दिवस पर, एक सख्त उपवास, जिसे खुर जितिया कहा जाता है, पानी के बिना मनाया जाता है। तीसरे दिन व्रत का समापन पारन के साथ होता है, जो दिन का पहला भोजन होता है। मिथिला , थरुहट , पूर्वोत्तर बिहार और पूर्वी नेपाल के क्षेत्र में, विभिन्न प्रकार के भोजन और एक विशेष त्योहार विनम्रता भोर (करी और सफेद चावल), नोनी का साग और मडुआ की रोटी के साथ मछली तैयार की जाती है। पश्चिमी बिहार, पूर्वी उत्तर प्रदेश, और नेपाल के भोजपुरी क्षेत्र में, नोनी का साग (गर्मियों के पुसलाने ) , मारुवा की रोटी और तोरी की सब्जी के साथ पारन किया जाता है। यह त्योहार मुख्य रूप से नेपाल और बिहार , झारखंड और भारत के पूर्वी उत्तर प्रदेश के भोजपुरी और मैथिली भाषी क्षेत्रों में मनाया जाता है ।

### कथा

**जिवितपुत्रिका व्रत कथा**

यह माना जाता है कि एक बार, एक गरुड़ और एक मादा लोमड़ी नर्मदा नदी के पास एक हिमालय के जंगल में रहते थे। दोनों ने कुछ महिलाओं को पूजा करते और उपवास करते देखा, और खुद भी इसे देखने की कामना की। उनके उपवास के दौरान, लोमड़ी भूख के कारण बेहोश हो गई और चुपके से भोजन किया। दूसरी ओर, चील ने पूरे समर्पण के साथ व्रत का पालन किया और उसे पूरा किया। परिणामस्वरूप, लोमड़ी से पैदा हुए सभी बच्चे जन्म के कुछ दिन बाद ही खत्म हो गए और चील की संतान लंबी आयु के लिए धन्य हो गई।[2]

### जीमूतवाहन

इस कहानी के अनुसार जीमूतवाहन गंधर्व के बुद्धिमान राजा थे। जीमूतवाहन शासन से संतुष्ट नहीं थे और परिणामस्वरूप उन्होंने अपने भाइयों को अपने राज्य की सभी जिम्मेदारियाँ दीं और अपने पिता की सेवा के लिए जंगल चले गए। एक दिन जंगल में भटकते हुए उसे एक बुढ़िया विलाप करती हुई मिलती है। उसने बुढ़िया से रोने का कारण पूछा, जिस पर उसने उसे बताया कि वह सांप (नागवंशी) के परिवार से है और उसका एक ही बेटा है। एक शपथ के रूप में, हर दिन, एक सांप को भोजन के रूप में पक्षीराज गरुड़ को चढ़ाया जाता है और उस दिन उसके बेटे को अपना भोजन बनने का मौका मिला। उसकी समस्या सुनने के बाद, जिमुतवाहन ने उसे सांत्वना दी और वादा किया कि वह उसके बेटे को जीवित वापस ले आएगा और गरुड़ से उसकी रक्षा करेगा। वह खुद को चारा के लिए गरुड़ को भेंट की जाने वाली चट्टानों के बिस्तर पर लेटने का फैसला करता है। गरुड़ आता है और अपनी अंगुलियों से लाल कपड़े से ढंके जिमुतवाहन को पकड़कर चट्टान पर चढ़ जाता है। गरुड़ को आश्चर्य होता है जब वह उस व्यक्ति को फंसाता है तो वह प्रतिक्रिया नहीं देता है। वह जिमुतवाहन से उसकी पहचान पूछता है जिस पर वह गरुड़ को पूरे दृश्य का वर्णन करता है। गरुड़, जीमूतवाहन की वीरता और परोपकार से प्रसन्न होकर, सांपों से कोई और बलिदान नहीं लेने का वादा करता है। जिमुतवाहन की बहादुरी और उदारता के कारण, सांपों की जान बच गई और तब से, बच्चों के कल्याण और लंबे जीवन के लिए उपवास मनाया जाता है।



# श्रद्धा और शक्ति का अद्वितीय धाम है पावागढ़ कालीका माता मंदिर

गुजरात के पंचमहल ज़िले में स्थित पावागढ़ कालीका माता मंदिर भारत के प्रमुख शक्ति पीठों में से एक है। समुद्र तल से लगभग 800 मीटर ऊँची पावागढ़ पहाड़ी पर स्थित यह मंदिर श्रद्धालुओं, पर्यटकों और साहसिक यात्रियों सभी के लिए आकर्षण का केंद्र है। यहाँ देवी कालीका माता की पूजा होती है और मान्यता है कि यहाँ सती का दायां पैर गिरा था, जिसके कारण यह स्थान शक्ति पीठ कहलाता है।



## ऐतिहासिक और धार्मिक महत्व

पावागढ़ का इतिहास लगभग 1000 वर्ष पुराना है। इस मंदिर को शक्ति साधना और तांत्रिक परंपरा का प्रमुख केंद्र माना जाता है। स्थानीय किंवदंती के अनुसार, यहाँ पूजा करने से सभी संकट दूर होते हैं और जीवन में सुख-समृद्धि आती है। यह स्थल चंपानेर-पावागढ़ पुरातात्विक उद्यान का हिस्सा है, जिसे यूनेस्को विश्व धरोहर स्थल घोषित किया गया है।

## मंदिर की विशेषताएँ

मंदिर पहाड़ी की चोटी पर स्थित है, जहाँ पहुँचने के लिए श्रद्धालुओं को सीढ़ियाँ चढ़नी पड़ती हैं या फिर रोपवे का सहारा लिया जा सकता है। गर्भगृह में देवी कालीका माता की प्रतिमा प्रतिष्ठित है, जिन्हें लाल रंग के वस्त्र और आभूषण पहनाए जाते हैं। मंदिर से आसपास की हरियाली, पहाड़ और दूर-दूर तक फैले प्राकृतिक नज़ारे दिखाई देते हैं।

## उत्सव और धार्मिक आयोजन

नवरात्रि पर्व पर यहाँ लाखों श्रद्धालु आते हैं। भक्ति संगीत, गरबा और देवी की आराधना से पूरा परिसर गूंज उठता है। पूरे वर्ष विभिन्न अवसरों पर यहाँ मेले और धार्मिक आयोजन होते रहते हैं।

## साहसिक और पर्यटन आकर्षण

मंदिर तक पहुँचने का रास्ता रोमांच और प्राकृतिक सौंदर्य से भरपूर है। रोपवे की सवारी श्रद्धालुओं और पर्यटकों के लिए खास अनुभव देती है। चंपानेर का किला, जामा मस्जिद और अन्य पुरातात्विक धरोहरें भी पास ही स्थित हैं, जिन्हें देखकर पर्यटक इतिहास और संस्कृति का आनंद ले सकते हैं।

### कैसे पहुँचे ?

निकटतम हवाई अड्डाः वडोदरा (लगभग 50 किमी)
रेलवे स्टेशनः हलोल और वडोदरा
सड़क मार्गः अहमदाबाद, वडोदरा और गोधरा से सड़क द्वारा आसानी से पहुँचा जा सकता है।

पावागढ़ कालीका माता मंदिर श्रद्धा, इतिहास और प्राकृतिक सौंदर्य का संगम है। यह मंदिर न केवल शक्ति साधना का पावन धाम है, बल्कि यूनेस्को विश्व धरोहर स्थल के रूप में भी पर्यटकों को आकर्षित करता है। यहाँ आकर श्रद्धालु देवी का आशीर्वाद प्राप्त करते हैं और पर्यटक संस्कृति तथा प्रकृति दोनों का अद्भुत अनुभव करते हैं।

# रोजाना सुबह काली किशमिश का पानी पीने से दूर होगी कमजोरी

अगर आप भी दिन भर थका हुआ महसूस करते हैं और थोड़ा सा काम करने के बाद ही आपकी सांस फूलने लगती है। तो इसका समाधान आपकी रसोई में छिपा है। दरअसल, हम यहां पर काली किशमिश की बात कर रहे हैं। यह छोटी सी चीज आपके शरीर को अंदर से मजबूत बनाने का काम कर सकती है। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको बताने जा रहे हैं कि रोजाना एक महीने तक सुबह काली किशमिश का पानी पीने से आपके शरीर को क्या-क्या फायदे हो सकते हैं।

**दूर होगी खून की कमी**

काली किशमिश में विटामिन बी कॉम्प्लेक्स और आयरन पाया जाता है। ऐसे में अगर आप खून की कमी जूझ रहे हैं, तो काली किशमिश आपके लिए रामबाण उपाय है। रोजाना सुबह काली किशमिश पानी का सेवन करने से तेजी से हीमोग्लोबिन तेजी से बढ़ता है। जिस कारण थकान और कमजोरी दूर होती है।

**हार्ट हेल्थ के लिए लाभकारी**

काली किशमिश में पोटैशियम पाया जाता है, जोकि ब्लड प्रेशर को कंट्रोल करने में मदद करता है। वहीं इसमें फाइबर भी पाया जाता है, जोकि शरीर से बैड कोलेस्ट्रॉल को बाहर निकालता है। इसका सेवन करने से दिल स्ट्रॉन्ग और हेल्दी रहता है।

**बालों और त्वचा के लिए फायदेमंद**

अगर आपके बाल बहुत झड़ रहे हैं, तो काली किशमिश का पानी पीने से बालों को जरूरी पोषण मिलता है। इससे बालों का झड़ना कम होता है और बाल भी चमकदार और घने होते हैं। इसमें एंटीऑक्सिडेंट्स मौजूद होते हैं, जोकि आपकी स्किन को फ्री रेडिकल्स से बचाते हैं। जिससे स्किन पर नेचुरल निखार आता है।

**पाचन तंत्र होगा मजबूत**

अगर किसी को कब्ज की शिकायत रहती है, तो यह पानी आपके लिए वरदान साबित होगी। काली किशमिश में फाइबर भरपूर मात्रा में पाया जाता है, जोकि आपकी पाचन क्रिया को दुरुस्त रखता है और पेट साफ करने में भी मदद करता है। काली किशमिश का सेवन करने से गट हेल्थ दुरुस्त रहती है।

**हड्डियों को मिलेगी ताकत**

काली किशमिश में बोरोन और कैल्शियम जैसे मिनरल्स पाए जाते हैं। जोकि हड्डियों को मजबूत बनाने के लिए काफी जरूरी होते हैं। ऐसे में रोजाना काली किशमिश का सेवन करने से ऑस्टियोपोरोसिस जैसी बीमारियों का खतरा कम होता है।

**ऐसे बनाएं काली किशमिश का पानी**

बता दें कि काली किशमिश का पानी बनाना बहुत आसान है। इसके लिए रात को करीब 10-15 काली किशमिश को एक गिलास पानी में भिगो दें। फिर अगले दिन सुबह उठकर इस पानी को छानकर इसका सेवन करें। वहीं आप भीगी हुई किशमिश को चबाकर खा सकती हैं। इससे इसके फायदे दोगुने हो जाएंगे।

मेट्रो रेज की ओर से स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक जीतेन्द्र कुमार सिंह के लिए जेके न्यूज नेटवर्क, पिपरटोली, अरगोड़ा, रांची 834002 (झारखंड) से प्रकाशित तथा शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा, पेट्रोल पंप रातू रोड, रांची , (झारखंड) से मुद्रित।
**प्रधान संपादक** : जीतेन्द्र कुमार सिंह, **संपादक** : लाल दिवाकर नाथ शाहदेव*, *पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 7369017908, R.N.I. No.-JHAHIN/2017/75028 **website : www.metrorays.in**
**email : metrorays.ranchi@gmail.com**

# बच्चे विद्यालय में रहे या फिर घर में बच्चों के साथ मित्रवत व्यवहार करना पड़ेगा : संजय

संवाददाता

**साहिबगंज:** बोरियो प्रखंड के अदरो बुनियादी मध्य विद्यालय के प्रांगण में द्वितीय शिक्षक अभिभावक बैठक का आयोजन किया गया।इस बैठक में सैकड़ो की संख्या में विद्यालय में पढ़ने वाले बच्चों के माता-पिता उपस्थित हुए।इस बैठक की अध्यक्षता विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष के द्वारा किया गया जबकि इस बैठक में राज्य स्तरीय प्रतिनिधि संजीव कुमार तिवारी यूनिसेफ झारखंड ने भाग लिया।बैठक को सम्बोधित करते हुए संजय तिवारी ने कहा कि जिले के सभी विद्यालयों में यह बैठक 8 सितंबर 2025 से 13 सितंबर 2025 तक अलग-अलग तिथियां में किया जा रहा है !और फिर बैठक की विवरणी विभाग के पोर्टल पर अपलोड किया जा रहा है !श्री तिवारी ने कहा कि विद्यालय में बच्चों की सत प्रतिशत नामांकन और उपस्थित



सुनिश्चित करने में अभिभावक का बहुत महत्वपूर्ण भूमिका होती है।उन्होंने कहा कि विद्यालय में पढ़ने वाले बच्चों के बीच लर्निंग गेप नहीं हो.इसके लिए भी इस तरह की बैठक बहुत जरूरी होती है ! माता-पिता की भागीदारी शिक्षा में किस प्रकार सुनिश्चित हो हम उच्च क्लास के बच्चों को वोकेशनल शिक्षा के प्रति कैसे प्रेरित कर सकते हैं !तथा विद्यालय में पढ़ने वाले बच्चों को विभिन्न प्रकार की विभाग के द्वारा दी जाने वाली सुविधाओं के बारे में उन्होंने जानकारी दिया कहा कि बच्चे विद्यालय में रहे या फिर घर में रहे हमें बच्चों के साथ मित्रवत व्यवहार करना पड़ेगा ।तब हम बच्चों को समझ पाएंगे आज के इस पेटीएम बैठक में राजेश्वरी प्रसाद सिंह,प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी बोरियों माखनलाल यादव, प्रखंड साधन सेवी चंदन कुमार सिंह,संकुल साधन सेवीं अनूप कुमार, नीरज कुमार तथा अन्य शिक्षक उपस्थित रहे !कार्यक्रम के शुरूआत में विद्यालय के बच्चियों ने राज्य स्तरीय दाल का पेटीएम बैठक में स्वागत गान से अभिनंदन किय.बताते चले की इस पेटीएम बैठक में विद्यालय में पढ़ने वाले वर्ग 8 की बच्चियों ने इस विद्यालय को उच्च विद्यालय में अपग्रेड करने का अनुरोध बैठक के माध्यम से किया !मंच संचालन माखन लाल यादव ने किया !बताते चले की बोरियो प्रखंड अंतर्गत 195 विद्यालयों में द्वितीय शिक्षक अभिभावक बैठक का आयोजन सफलतापूर्वक संपन्न हो गया है।

# एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम के तहत किया गया पौधरोपण




संवाददाता

**साहिबगंज:** युवा कार्यक्रम खेल मंत्रालय भारत सरकार, माय भारत मेरा युवा भारत साहिबगंज के तत्वाधान में आज दिन शनिवार को मां सरस्वती कोचिंग सेंटर महादेव गंज में डायरेक्टर एवं छात्र, छात्राओं के द्वारा एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुखय अतिथि कोचिंग सेंटर के डायरेक्टर अभिषेक कुमार, वार्ड पार्षद सुनील कुमार, पशु चिकित्सक विशाल कुमार ठाकुर उपस्थित रहे। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता माय भारत के सदस्य राहुल कुमार के द्वारा किया गया। अतिथियों एवं कोचिंग के छात्र-छात्राओं के द्वारा सेंटर के प्रांगण में एक पेड़ मां के नाम के तहत पेड़ लगाए गए ।वही युवाओं को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि अभिषेक कुमार ने कहा कि हम अपने माता-पिता के प्रति सम्मान व्यक्त करने के लिए अपनी माता के नाम पर एक पेड़ पौधा लगाकर बढ़ती ग्लोबल से निजात पा सकते हैं वही धरती के भविष्य को बचाना हम सबका प्रथम कर्तव्य है एवं प्रकृति में संतुलन बनाए रखने के लिए वातावरण को स्वच्छ बनाए रखने के लिए हम सभी को मिलकर पेड़ लगाना बहुत जरुरी है।वही पशु चिकित्सक डॉ विशाल कुमार ठाकुर ने बताया कि पर्यावरण को सुरक्षित रखने के लिए हमलोगो को पेड़ लगाना बहुत जरुरी है और उन्होंने बताया कि अपने जन्मदिन पर हम लोग एक पेड़ जरुर लगाएं । इस कार्यक्रम को सफल बनाने में राहुल कुमार यादव , कृष्णा कुमार, चंदन कुमार ,आजाद कुमार ,धनंजय ठाकुर, सुरज कुमार एवं कोचिंग के सभी छात्र छात्राओं ने अपनी भागीदारी निभाया एवं उपस्थित रहे।

## न्यूज IN ब्रीफ

### नाथनगर की पुलिस टीम जमीनी विवाद में साहिबगंज पहुंची

साहिबगंज:भागलपुर जिला के नाथनगर की पुलिस की टीम एक जमीनी विवाद के मामले में साहिबगंज पहुंची है। जहां नाथ नगर पुलिस ने नगर थाना प्रभारी के सहयोग से बड़तल्ला के एक युवक को नोटिस दिया है। सूत्रों के अनुसार बताया जा रहा है कि नाथनगर का रहने वाला एक व्यक्ति नगर थाना क्षेत्र बड़तल्ला में अपने रिलेशन के यहां रहा था। वह अपना नाथ नगर का जमीन कई लोगों बेच दिया हैं। उसी के आलोक में जांच पड़ताल के दौरान नोटिस करने के लिए नाथनगर की पुलिस नगर थाना पहुंचे थे। नोटिस करने के बाद नाथनगर की पुलिस की टीम साइबर अपराध के मामले में तीन पहाड़ के लिए निकल गई। बताया जा रहा है।कि बिहार के भागलपुर जिला का ही किसी वकील का मोबाइल चोरी हो गया और उसके खाते से कुछ ट्रांजैक्शन मोबाइल के जरिए कर लिया गया जिसका लोकेशन तीन पहाड़ ध उधवा के तरफ बताया गया। लोकेशन के आधार पर नाथनगर पुलिस छापेमारी करने के लिए निकल गई।

### महाराजपुर हटिया में एक महिला की हार्ट अटैक से मौत



**साहिबगंज:** रिवर थाना अंतर्गत सकरीगली में शनिवार की सुबह ईंट से भरी एक नाव गंगा में डूब गई।हालांकि नाव में सवार नाविक सहित एक व्यक्ति ने नाव से कूद कर अपनी जान बचाई। बताया जाता है कि नाव सकरीगली से पिलर टोला जा रही थी।इधर महाराजपुर हटिया में एक महिला की हार्ट अटैक से मौत हो गई।बताया जा रहा है कि किसी ने उक्त महिला को नाव हादसे की वीडियो दिखाई।जिसके बाद अचानक दिल का दौरा पड़ने से उसकी मौत हो गई।ग्रामीण उसके शव को अपने साथ नाव पर लाद पिलर टोला लेकर चले गए।स्थानीय लोगों के अनुसार हादसे का शिकार हुई उक्त नाव में महिला का कोई सगा सवार होगा।जिससे वीडियो देखते ही उसे दिल का दौरा पड़ गया।रिवर थाना प्रभारी लव कुमार ने नाव के डूबने की पुष्टि की है।

### तालाब को अतिक्रमण मुक्त करान के लिए सीओ को दिया आवेदन

**साहिबगंज/बरहरवा:** कुशवाहा टोला स्थित पंपियां पोखर पटाल में आसपास के नागरिकों द्वारा अतिक्रमण कर पोखर पटाल को संकीर्ण कर दिया गया है इस बाबत ग्रामीण एवं छठ पूजा समिति पंपियां पोखर के सदस्यों द्वारा एक आवेदन अंचलाधिकारी को दिया गया !छठ पूजा समिति के अध्यक्ष बालेश्वर कुशवाहा महासचिव सुनील कुमार कोषाध्यक्ष प्रेम प्रभात आकाश कुमार विकास कुमार प्रेमजीत कुमार नीरज महतो सुधीर कुमार सहित ग्रामीणों ने अंचलाधिकारी को बताया कि पंपियां पोखर का उपयोग आसपास के क्षेत्र के लोग श्राद्ध कर्म एवं अन्य पूजा पाठ के दौरान करते हैं साथ ही प्रत्येक वर्ष यहां छठ पूजा के दौरान भव्य पूजा का आयोजन किया जाता है। इस दौरान यहां पटल पर हजारों की संख्या में लोग एकत्रित होते हैं संकीर्ण हो चुके घाट के कारण यहां लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है साथ ही दुर्घटना का भी खतरा बना रहता है।सैकड़ो स्थानीय ग्रामीणों व छठ पूजा कमिटी ने जल्द से जल्द मामले पर संज्ञान लेते हुए तालाब को अतुकर्मनमुक्त करने की मांग की है।अंचलाधिकारी ने जाँच के बाद कार्यवाही का आश्वासन दिया है।

### 6 दिवसीय ग्रॉसरी एंड किराना शॉप प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ



**साहिबगंज:** भारतीय स्टेट बैंक ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान साहिबगंज के माध्यम से 6 दिवसीय ग्रॉसरी एंड किराना शॉप प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ झारखंड आजीविका सखी मंडल साहिबगंज के जिला एक्टिव दीदी और आसेटी के संकाय राजहंस कुमार और उपेन्द्र गोप ने दीप प्रज्वलित कर किया संकाय ने कहा यह प्रशिक्षण जेएसएलपीएस साहिबगंज के राजमहल प्रखंड से आए हुए कुल तीस प्रशिक्षुओं ने भाग लिया.जिसको की ग्रॉसरी ओर किराना शॉप सिखाया जाएगा.ताकि वह अपना स्वरोजगार ठीक से कर सके साथ ही उसमें उद्यमिता के गुण को विकसित कर एक सफल व्यवसाई बने.साथ ही जिसमें सरकार की विभिन्न योजनाएं अटल पेंशन योजना,जीवन ज्योति बीमा योजना,सुरक्षा बीमा योजना,मुद्रा लोन , प्रधान मंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम के साथ साथ बचत करना,गरीबी का चक्र, स्मार्ट बचत इत्यादि के बारे में विस्तृत जानकारी दिये और स्वयं को आत्म निर्भर बनाए।मौके पर कार्यक्रम के संकाय राजहंस कुमार ने कहा कि यह दीदी समाज में एक नई उम्मीद बन कर कार्य करेगी और लोगों को रोजगार से जोड़ेगे इस कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु आसेटी के सभी कर्मचारी जिसमें आकाश कुमार,रंजीत कुमार,सुरेन्द्र मुर्मू,नीरज शर्मा,तौफीक आलम,प्रशिक्षु सुषमा देवी,जैनुल बीबी,सीमा,मासेलो अंजली देवी और अन्य दीदियों उपस्थित थी'

### पंचायत की कोई भी समस्या बरहेट प्रखंड कांग्रेस कार्यालय पहुंचे : पिंकी मरांडी



साहिबगंज/बरहेट:कांग्रेस के बरहेट प्रखंड अध्यक्ष तैमूर अंसारी के नेतृत्व में प्रखंड अंतर्गत कूसमा एंव छूछी पंचायत में कांग्रेस कांग्रेस कार्यकर्ता कि बैठक हुई.बैठक मे पंचायत कमिटी गठन कर सभी लोगों को प्रमाण पत्र दिया गया।बैठक को सम्बोधित करते हुए तैमूर अंसारी ने लोगों को संगठन के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दिया।पंचायत के कार्यकर्ताओ को बताया जनहित मे जो भी समस्या हो उसे दूर किया जाएगा.उन्होंने कहा कि पंचायत की कोई भी समस्या हो बरहेट प्रखंड कांग्रेस कार्यालय पहूँचे आपका समस्या सुन उसे दूर किया जायेगा.बैठक में कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष तैमूर अंसारी,अख्तर अंसारी,कूसमा पंचायत से बड़का हंसदा,अपसाना बीबी,पिंकी मरांडी,उतम कू.पांडे,मयबीटी टूडू,छूछी से समीर टूडू,रानी मुर्मू,जूवेल हंसदा,प्रमीला,मेरी मुर्मू सहित कई लोग मौजूद थे !

# स्वस्थ नारी ही सशक्त परिवार की आधारशिला है : डॉ. रामदेव

संवाददाता

**साहिबगंज :** सिविल सर्जन साहिबगंज डॉ. रामदेव पासवान की अध्यक्षता में 17 सितम्बर से 02 अक्टूबर 2025 तक स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान के सफल संचालन हेतु जिला के विभिन्न रक्तदाता संगठनों व समाजसेवी संस्थाओं के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया।बैठक में अभियान के उद्देश्य, रणनीति एवं जिले में रक्तदान शिविरों के आयोजन पर चर्चा की गई। सिविल सर्जन ने कहा कि स्वस्थ नारी ही सशक्त परिवार की आधारशिला है। इस अभियान के अंतर्गत महिलाओं के स्वास्थ्य की सुरक्षा के साथ-साथ रक्त की उपलब्धता सुनिश्चित करना भी आवश्यक है। रक्तदान सेवा से हम मातृ स्वास्थ्य को सुदृढ़ बनाने में



सहयोग कर सकते हैं।बैठक के मुख्य बिंदु अभियान अवधि में महिलाओं के स्वास्थ्य परीक्षण शिविर तथा रक्तदान शिविर का समन्वित आयोजन।विभिन्न स्वयंसेवी संगठन, युवा समूह एवं शैक्षणिक संस्थान अपनी-अपनी भागीदारी सुनिश्चित करेंगे।महिलाओं में एनीमिया मुक्त भारत अभियान से जोड़ते हुए विशेष रक्तदान शिविरों का आयोजन।रक्तदान करने वाले युवाओं एवं संगठनों को सम्मानित करने का निर्णय लिया गया 'सहभागी संगठन उमाअमृता फाउंडेशन, एन एस एस साहिबगंज, गायत्री परिवार ट्रस्ट, अन्य, ,संगठन शामिल हुए।सिविल सर्जन ने जिले के सभी नागरिकों, विशेषकर युवाओं से आह्वान किया कि वे ह्लस्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियानह्व को सफल बनाने हेतु अधिक से अधिक संख्या में रक्तदान करें और समाजहित में योगदान दें।

# 16 सितंबर को जिला मुख्यालय में किसान का धरना प्रदर्शन

संवाददाता

साहिबगंज/तालझारी:-झारखंड मजदूर संघ प्रजातांत्रिक की बैठक प्रखंड हॉट परिसर मेंआयोजित की गई।इस बैठक की अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष राजेंद्र मंडल ने की।बैठक में मुख्य रूप से झारखंड मजदूर संघ प्रजातांत्रिक के जिला अध्यक्ष मिथुन कुमार यादव उपस्थित थे।बैठक में मजदूरों से संबंधित विभिन्न मुद्दों पर विस्तार से चर्चा हुई।बैठक को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष मिथुन यादव ने कहा कि मजदूरों के हित और रक्षा के लिए यह संगठन बनाया गया है।उन्होंने मजदूरों से आग्रह किया कि वे संगठित होकर झारखंड मजदूर संघ प्रजातांत्रिक को मजबूत बनाएं।श्री यादव ने कहा कि मजदूरों के हित अधिकार के लिए आगामी 16 सितंबर को जिला




मुख्यालय में किसान धरना प्रदर्शन का आयोजन किया गया है.उन्होंने इस धरना में अधिक से अधिक लोगों से भाग लेने की अपील की है !बैठक में जिला अध्यक्ष मिथुन यादव,जिला सहायक मंत्री पोलूस गुरुजी टुडू,प्रखंड अध्यक्ष राजेंद्र मंडल,प्रखंड महामंत्री मरांग सोरेन,तिलकाई मुर्मू,दीजन यादव आदि मौजूद थे !

# अपने बच्चों के प्रति संवेदनशील बने रहने की सलाह दी : दुर्गानंद झा

संवाददाता

साहिबगंज:शहर के पोखरिया टाउन हॉल स्थित मुख्यमंत्री उत्कृष्ट कन्या विद्यालय साहिबगंज में आयोजित हुई कक्षा 9 -12 के लिए अभिभावक शिक्षक बैठक हुई।कार्यक्रम की प्रारम्भ जिला शिक्षा पदाधिकारी दुगार्नंद झा,अनुमंडल शिक्षा पदाधिकारी लक्ष्मण यादव ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किये।विद्यालय की बच्चियों ने संगीत शिक्षिका संध्या किरण व कुमार बगीश के नेतृत्व में स्वागत गीत प्रस्तुत की।जिला शिक्षा पदाधिकारी ने उपस्थित अभिभावकों से अपील की कि अपने बच्चों को नियमित




रूप से विद्यालय भेजें।अनुमंडल शिक्षा पदाधिकारी लक्ष्मण यादव ने उपस्थित अभिभावकों से सीधे संवाद स्थापित किए और उन्हें अपने बच्चों के प्रति संवेदनशील बने रहने की सलाह दी।मंच संचालन शिक्षक ललन कुमार एवं सुप्रिया भारती ने किये।शत प्रतिशत उपस्थिति वाली बच्चियों के माता-पिता को बुके प्रशस्ति पत्र व सुपर मोम क्राउन पहनाकर सम्मानित किया गया।अंत में धन्यवाद ज्ञापित करते हुए विद्यालय की प्रभारी प्रधानाध्यापिका सीमा कुमारी ने अभिभावकों से सीधे संवाद स्थापित करते हुए उन्हें विद्यालय और बच्चों के हित में कार्य करने की अपील की।मौके पर विद्यालय प्रबंधक विमल पांडे,शिक्षक सुभाष शर्मा,ज्ञान रंजन,संजीव कुमार,अकरम मिराज, राखी दास,एसएमसी अध्यक्ष पूनम कुमारी व अन्य उपस्थित थे।

# शहर के होटलों में नियमावली अनुपालन के लिए की गई जांच

संवाददाता

**साहिबगंज:** शहरी क्षेत्र में बिना अनुज्ञप्ति संचालन किए जा रहे विवाह भवन, बैंक्वेट हॉल, लॉज एवं हॉस्टल निर्माण अनुज्ञप्ति नियमावली 2013 के अनुपालन की समीक्षा हेतु जांच अभियान चलाया गया। इस जांच में कार्यपालक दण्डाधिकारी श्री प्रमोद आनन्द तथा नगर परिषद प्रशासक श्री अभिषेक कुमार सिंह के नेतृत्व में शहर के विभिन्न होटलों का निरीक्षण किया गया।निरीक्षण के क्रम में होटल अतिथि पैलेस में कई प्रकार की त्रुटियां पाई गईं। होटल प्रबंधन को नोटिस जारी कर 24 घंटे के भीतर



सभी त्रुटियों को सुधारने का निर्देश दिया गया।होटल विराज पैलेस में भी कई खामियां पाई गईं। संबंधित प्रबंधन को नोटिस के माध्यम से 24 घंटे के भीतर सुधारात्मक कार्रवाई सुनिश्चित करने का आदेश दिया गया।अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि निर्धारित समयावधि में सुधार नहीं करने पर नियमानुसार कठोर कार्रवाई की जाएगी।

# डीवीसी केटीपीएस में कार्यपालक गोपाल हालदार को दी गई विदाई



मेट्रो रेज संवाददाता

**कोडरमा :** डीवीसी केटीपीएस में कार्यपालक (सेफ़्टी) गोपाल हालदार को एमटीपीएस स्थानांतरण पर शनिवार को भावभीनी विदाई दी गई। इस अवसर पर डीजीएम (सेफ़्टी) लक्ष्मीकोंत मोंडल, पीवीओ/डीजीएम (विजिलेंस) पंकज कुमार झा, वरिष्ठ प्रबंधक (इ) तन्मय धरा, श्रीकांत समंता एवं भोला बर्मन सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में सहकर्मियों ने गोपाल हालदार को स्मृति-चिह्न एवं उपहार भेंटकर उनके योगदान के प्रति आभार प्रकट किया। वक्ताओं ने कहा कि हालदार ने सुरक्षा क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करते हुए संस्थान की प्रगति में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। इस दौरान सभी अधिकारियों ने एमटीपीएस में नई जिम्मेदारियों हेतु उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। पूरे समारोह में अपनत्व और सम्मान का भाव झलकता रहा। अंत में डीवीसी केटीपीएस टीम से नवीन कुमार ने धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया। यह विदाई कार्यक्रम सहयोग, सम्मान और प्रेरणा का प्रतीक बन गया।

## साहिबगंज मंडल कारा में कैदियों के लिए बम्बू एंड केन क्राफ्ट प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ

# उपायुक्त हेमंत सती ने किया प्रशिक्षण का उद्घाटन कैदियों को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में पहल

संवाददाता

साहिबगंज:भारतीय स्टेट बैंक ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान आरसेटी साहिबगंज के तत्वावधान में साहिबगंज मंडल कारा में कैदियों के लिए बम्बू एंड केन क्राफ्ट प्रशिक्षण कार्यक्रम की शुरूआत की गई।कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ उपायुक्त हेमंत सती ने दीप प्रज्वलित कर किया।इस अवसर पर मंडल कारा के जेल अधीक्षक चंद्रशेखर सुमन,आरसेटी निदेशक प्रदीप कुमार झा दीपक,आरसेटी के वरीय संकाय राजहंस कुमार,संकाय उपेंद्र गोप,अटेंडेंट सुरेंद्र कुमार मुर्मू एवं जेल के सहयोगी उभय कुमार समेत अन्य गणमान्य उपस्थित थे।कार्यक्रम के तहत कैदियों को बांस और बेंत से विभिन्न उपयोगी व सजावटी वस्तुएँ बनाने का



प्रशिक्षण दिया जाएगा।इसमें विशेष रूप से फ्लावर पॉट,बुके,ट्रे सहित कई प्रकार की हस्तशिल्प सामग्री तैयार करने की विधियाँ सिखाई जाएँगी।प्रशिक्षण का उद्देश्य कैदियों को आत्मनिर्भर बनाना एवं उन्हें रिहाई के बाद स्वरोजगार से जोड़ना है,ताकि वे समाज की मुख्यधारा में पुनः सम्मानपूर्वक जीवन जी सकें।उपायुक्त हेमंत सती ने कहा कि यह पहल न केवल कैदियों को एक नया हुनर सिखाने का माध्यम है बल्कि उनके अंदर आत्मविश्वास और सकारात्मक सोच विकसित करने का भी प्रयास है।उन्होंने कहा कि जेल में रहते हुए कैदी यदि इस प्रकार की कारीगरी सीखते हैं तो रिहाई के बाद वे इससे आजीविका अर्जित कर आत्मनिर्भर बन सकते हैं।

वायरल हो गया वीडियो

## 'जॉली एलएलबी 3' के ट्रेलर लॉन्च पर अक्षय-अरशद की हरकत

'जॉली एलएलबी 3' के ट्रेलर लॉन्च इवेंट के कई वीडियोज अब सोशल मीडिया पर वायरल हैं। इनमें अक्षय कुमार और अरशद वारसी काफी मस्ती करते नजर आ रहे हैं। अक्षय कुमार और अरशद वारसी की फिल्म 'जॉली एलएलबी 3' का आज ट्रेलर सामने आया है। इस कोर्ट रूम कॉमेडी-ड्रामा फिल्म का ट्रेलर लॉन्च इवेंट कानपुर और मेरठ में रखा गया। यहां अक्षय कुमार और अरशद वारसी के अलावा फिल्म की बाकी कास्ट में सौरभ शुक्ला भी नजर आए। अब ट्रेलर लॉन्च कार्यक्रम से जुड़े कई वीडियोज सोशल मीडिया पर वायरल हैं।



### अक्षय-अरशद ने चूमा जज त्रिपाठी का सिर

एक वीडियो वायरल है जिसमें अक्षय कुमार और अरशद वारसी के साथ फिल्म में जज त्रिपाठी की भूमिका निभाने वाले अभिनेता सौरभ शुक्ला भी नजर आ रहे हैं। वीडियो में अरशद और अक्षय सौरभ शुक्ला के सिर पर मस्ती में चूमते नजर आ रहे हैं।



## दिव्या खोसला कुमार की एक चतुर नार रिलीज के लिए तैयार

**बॉलीवुड** अभिनेत्री और निर्माता दिव्या खोसला कुमार इन दिनों अपनी आगामी फिल्म एक चतुर नार की रिलीज को लेकर सुर्खियों में हैं। हाल ही में दिव्या ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर फिल्म के सेट से एक बीटीएस वीडियो पोस्ट किया। इस बिहाइंड द सीन (बीटीएस) वीडियो में दिव्या एक सीन करती नजर आ रही हैं। उनकी तारीफ सेट पर मौजूद सिनेमैटोग्राफर समीर आर्यन और नील नितिन मुकेश कर रहे हैं। वहीं, दिव्या अपने किरदार के अनुरूप पारंपरिक लुक में दिख रही हैं। उन्होंने बैंगनी रंग का कुर्ता, पीली सलवार और स्लेटी रंग का स्वेटर पहना है, जिसके ऊपर चुन्नी भी है। बालों में बनाई गई चोटी उनके चतुर नार वाले किरदार को जीवंत कर रही है। इस लुक ने दर्शकों को उनके किरदार के प्रति और उत्सुक कर दिया है। दिव्या ने वीडियो के साथ कैप्शन में लिखा, एक चतुर नार के सेट से खास पल। हमारे टैलेंटेड डीओपी समीर आर्यन और मुझे बेहद खूबसूरती से नील नितिन मुकेश ने कैमरे में कैद किया। ये मेरी सबसे पसंदीदा और शानदार टीम है। उन्होंने यह भी बताया कि फिल्म 12 सितंबर को रिलीज होने जा रही है। फिल्म एक चतुर नार में दिव्या का देसी और दमदार अवतार दर्शकों को सिनेमाघरों तक खींचने के लिए तैयार है। उनके इस लुक और बीटीएस वीडियो ने सोशल मीडिया पर तारीफों का सिलसिला शुरू कर दिया है। फैंस अब बेसब्री से फिल्म की रिलीज का इंतजार कर रहे हैं। फिल्म की कहानी एक छोटे शहर में रहने वाली होनहार लड़की की है। वह बहुत ही महत्वाकांक्षी और चालाक है। एक दिन उसके हाथ बड़े शख्स का प्राइवेट वीडियो आ जाता है।



## विद्युत जामवाल का पोटेंशियल यूज करने में फेल रहा बॉलीवुड

**बॉलीवुड** एक्टर विद्युत जामवाल इन दिनों अपनी हालिया फिल्म दिल मद्रासी की बॉक्स ऑफिस सफलता का जश्न मना रहे हैं। विद्युत जल्द ही हॉलीवुड की स्ट्रीट फाइटर के नए लाइव-एक्शन अडैप्शन में भी नजर आएंगे। फैन्स ने बॉलीवुड पर इनके सही इस्तेमाल न करने का आरोप लगाया है।

बॉलीवुड एक्टर विद्युत जामवाल अपनी हालिया तमिल फिल्म दिल मद्रासी की बॉक्स ऑफिस सफलता का जश्न मना रहे हैं। इस एक्शन थ्रिलर में शिवकार्तिकेयन लीड रोल में हैं और विद्युत विलन की भूमिका निभा रहे हैं।इस फिल्म से कई वर्षों के बाद साउथ सिनेमा में उनकी वापसी हुई है। विद्युत हॉलीवुड की स्ट्रीट फाइटर के नए लाइव-एक्शन अडैप्शन में भी नजर आएंगे। इस बीच, एक्टर के फैन्स ने बॉलीवुड पर उनकी क्षमता का पूरा इस्तेमाल न करने का आरोप लगाया है और इससे विद्युत भी सहमत नजर आ रहे हैं। विद्युत ने फैन्स की बॉलीवुड की आलोचना को फिर से शेयर किया है। स्ट्रीट फाइटर की घोषणा के बाद, विद्युत के कई फैन्स ने उनकी लेटेस्ट फिल्म मद्रासी से उनकी कुछ झलकियां शेयर कीं। उन्होंने उनके लुक की भी जमकर तारीफ की। इंस्टाग्राम पर एक मीम में विद्युत का मद्रासी फिल्म से लुक दिखाया गया था, जिसके साथ कैप्शन लिखा था, बॉलीवुड इस आदमी की क्षमता का उपयोग करने में विफल रहा। इसी तरह, ट्विटर पर एक विदेशी फैन ने विद्युत के लुक की तारीफ करते हुए कहा, लाइव-एक्शन स्ट्रीट फाइटर में धालसिम का किरदार निभाने वाले एक्टर बहुत ही हैंडसम है। एक इंडियन फैन ने ट्वीट पर रिएक्शन देकर कहा, काश भारतीय फिल्म जगत को अपने असली क्षमता का पता होता, लेकिन इसके बजाय वे साल-दर-साल मिड सीजन फिल्में बना रहे हैं।

### दिल मद्रासी ने पांच दिनों में की शानदार कमाई

विद्युत ने इन दोनों पोस्ट को अपने इंस्टाग्राम स्टोरीज पर पोस्ट किया है। एआर मुरुगादॉस निर्देशित मद्रासी बॉक्स ऑफिस पर शानदार परफॉर्म कर रही है। रिपोर्ट के मुताबिक, दिल मद्रासी ने पांच दिनों में भारत में 44.45 करोड़ रुपये की कमाई की और वर्ल्डवाइड 71 करोड़ से ऊपर की कमाई कर ली है। इस फिल्म की कहानी और कलाकारों की एक्टिंग की खूब तारीफ हो रही है।

## 'सन ऑफ सरदार 2' में खुद को दरकिनार किए जाने पर सोनाक्षी ने तोड़ी चुप्पी



**बॉलीवुड** एक्ट्रेस सोनाक्षी सिन्हा सन ऑफ सरदार फिल्म का हिस्सा थीं, जिन्हें दर्शकों ने काफी प्यार दिया था। हालांकि उन्हें सन ऑफ सरदार 2 में मेकर्स ने जगह नहीं दी। उनकी जगह फिल्म में मृणाल ठाकर ने मुख्य भूमिका निभाई। अब सोनाक्षी ने आखिरकार अजय देवगन अभिनीत इस फिल्म के दूसरे भाग में अपनी अनुपस्थिति पर सफाई दी है। आइए जानते हैं कि आखिर क्या है कारण।

### क्या बोलीं सोनाक्षी सिन्हा?

सोनाक्षी सिन्हा ने बातचीत में सन ऑफ सरदार 2 में हिस्सा ना होने पर प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा, 'जहां तक मैं देख सकती हूं कि सन ऑफ सरदार 2 फिल्म के लिए वे विदेश गए थे। इसलिए वही किरदार कहानी का हिस्सा नहीं हो सकता था। आप केवल इसके लिए अपमानित महसूस नहीं कर सकते। आपको व्यावहारिक होना होगा और प्रत्येक फिल्म को एक अलग प्रोजेक्ट के रूप में लेना होगा।'

### सन ऑफ सरदार 2 के बारे में

सन ऑफ सरदार 2 फिल्म में अजय देवगन के साथ मृणाल ठाकर मुख्य भूमिका में थीं। इस फिल्म को विजय कुमार अरोड़ा द्वारा निर्देशित किया गया था। वही इस कॉमेडी ड्रामा में रवि किशन, विंदू दारा सिंह और संजय मिश्रा जैसे कलाकार भी मौजूद थे।

### सोनाक्षी सिन्हा का वर्कफ्रंट

वर्कफ्रंट की बात करें तो सोनाक्षी सिन्हा की आगामी फिल्म जटाधारा है। इस फिल्म से सोनाक्षी सिन्हा का लुक भी सामने आ चुका है, जो उनके फैन्स को काफी पसंद भी आया। फिल्म में एक्ट्रेस के साथ साउथ एक्टर सुधीर बाबू लीड रोल में दिखाई देंगे। इसके अलावा सोनाक्षी को आखिरी बार निकिता रॉय में देखा गया था। इस फिल्म को कुश सिन्हा द्वारा निर्देशित किया गया था। फिल्म में सोनाक्षी ने एक ऐसी महिला की भूमिका निभाई थी, जो टूटी हुई भी है, जिद्दी भी और कहीं न कहीं अपनी ही सोच में खोई हुई है।

## अक्षरा सिंह ने जिंदगी के नाम दिया बड़ा संदेश

अपनी दमदार एक्टिंग और बेबाक अंदाज के लिए जानी जाने वाली भोजपुरी एक्ट्रेस अक्षरा सिंह ने बुधवार को अपने इंस्टाग्राम पर एक खूबसूरत तस्वीर साझा की, जिसने न सिर्फ उनके फैंस का दिल छू लिया, बल्कि उनके कैप्शन ने भी सबका ध्यान अपनी ओर खींचा। इस पोस्ट में अक्षरा ने कैप्शन में अपने जज्बात लिखे। तस्वीर में अक्षरा सिंह एक खूबसूरत सूट में नजर आ रही हैं जो उनकी सादगी और खूबसूरती को और निखार रहा है। उनके चेहरे पर आत्मविश्वास की एक अलग चमक है। अपने जज्बातों को जाहिर करते हुए अक्षरा ने लिखा, हो अगर गलतफहमियां, तो भी खामोशी से मुस्कुराऊंगी, शिकवे नहीं, बस सब्र से अपने जज्बातों को छुपाऊंगी। इस कैप्शन में अक्षरा ने न सिर्फ अपने जज्बात जाहिर किए हैं, बल्कि एक संदेश भी दिया है कि चाहे हालात कैसे भी हों, खुद को कमजोर नहीं पड़ने देना चाहिए। उन्होंने कैप्शन में आगे लिखा, साथ न दो तुम अगर, तो भी न डगमगाऊंगी, कांटों की राहों पर चलकर भी, अपने हौसलों को सजाऊंगी। दिल टूटे तो क्या हुआ, सांसों का सफर अब भी बाकी है, जिंदगी की किताब में कुछ नए पन्ने लिखने की झांकी है, हर दर्द को रोशनी में बदलकर खुद को ही अपनाऊंगी, हो अगर गलतफहमियां, तो भी खामोशी से मुस्कुराऊंगी।





## माही विज का ट्रेडिशनल लुक

**मशहूर** टीवी अभिनेत्री माही विज को लागी तुझसे लगन, बालिका वधू, अकेला, कैसी लगी लगन, और शुभ कदम जैसे लोकप्रिय धारावाहिकों में देखा गया है। उन्होंने बुधवार को सोशल मीडिया पर एक वीडियो पोस्ट किया। वीडियो में अभिनेत्री अलग-अलग अंदाज में पोज देती नजर आ रही हैं। कभी वह कैमरे की ओर देखकर अपनी मुस्कान बिखेरती हैं, तो कभी फूलों के साथ खेलते हुए आकर्षक अंदाज में पोज देती हैं। उनकी यह सहजता और खूबसूरती प्रशंसकों को खूब भा रही है। माही ने इस वीडियो में हल्के गुलाबी रंग का सूट पहना है, जो उनकी सादगी और शालीनता को और निखार रहा है। हल्के मेकअप के साथ उन्होंने बड़े-बड़े झुमके पहने हैं, जो उनके लुक को और आकर्षक बना रहे हैं। उनके बालों को हल्का कर्ल किया गया है और कानों के पीछे हल्के गुलाबी रंग का गुलाब सजाया गया है, जो उनके इस पारंपरिक लुक को और खास बना रहा है।



## रीम का स्टाइलिश अंदाज

**टेलीविजन** इंडस्ट्री की मशहूर अभिनेत्री रीम शेख अपने खूबसूरत लुक और अनोखे अंदाज के लिए हमेशा सुर्खियों में रहती हैं। अपनी बेहतरीन अदाकारी के साथ-साथ वह फैशन के मामले में भी फैंस के दिलों पर राज करती हैं। बुधवार को अभिनेत्री ने इंस्टाग्राम पर कुछ तस्वीरें पोस्ट कीं, जिसमें वह बेहद खूबसूरत नजर आ रही हैं। इन तस्वीरों में रीम ने काले रंग का लखनऊ चिकनकारी अनारकली सूट पहना है, जो उनकी सादगी और स्टाइल का शानदार मिश्रण पेश करता है। इस सूट की बारीक कढ़ाई और हल्का-फुल्का फैब्रिक उनके लुक को और भी आकर्षक बना रहा है। रीम ने अपने इस ट्रेडिशनल परिधान को सादगी भरे मेकअप के साथ पूरा किया। उन्होंने मिनिमल मेकअप के साथ बालों को खुला छोड़ रखा है, जो उनके चेहरे की खूबसूरती को और निखार रहा है। इसके साथ ही रीम ने सफेद रंग के बड़े-बड़े झुमके पहने, जो उनके लुक में चार चांद लगा रहे हैं। तस्वीरों में वह अलग-अलग अंदाज में पोज देती नजर आईं, जिसमें उनकी मुस्कान और कॉन्फिडेंस साफ झलक रहा है। हर तस्वीर में उनकी खूबसूरती और आत्मविश्वास फैंस को लुभा रहा है।

## पीकेएल-12 : जयपुर पिंक पैंथर्स की घरेलू मैदान पर धमाकेदार जीत, यूपी योद्धाज 41-29 से पराजित

एजेंसी

**जयपुर :** प्रो कबड्डी लीग सीजन 12 में जयपुर पिंक पैंथर्स ने सवाई मानसिंह इंडोर स्टेडियम में अपने घरेलू दर्शकों के सामने पहली जीत का परचम लहराया। शनिवार को खेले गए इस मुकाबले में पैंथर्स ने यूपी योद्धाज को 41-29 से मात दी। नितिन कुमार टीम के हीरो साबित हुए। उन्होंने शानदार रेड्स करते हुए सुपर-10 लगाया। उनके साथ ईरानी ऑल-राउंडर अली सामदी ने 9 अंक जोड़े। डिफेंस में भी जयपुर का जलवा रहा, रेजा मिरबघेरी ने 4 टैकल अंक, जबकि दीपांशु खत्री और आर्यन कुमार ने 3-3 टैकल अंक जुटाए। यूपी योद्धाज की ओर से गगन गौड़ा ने दमदार संघर्ष किया और 15 अंकों के साथ अपना चौथा सुपर-10 पूरा किया। कप्तान सुमित सांगवान ने 4 टैकल अंक हासिल किए, मगर टीम के बाकी खिलाड़ी लय नहीं पकड़ सके।



शुरूआत में यूपी ने बढ़त बनाई। शिवम चौधरी और भवानी राजपूत ने अंक दिलाए, जबकि गगन गौड़ा ने दबाव बढ़ाया। लेकिन जयपुर ने नितिन और सामदी की जोड़ी के दम पर शानदार वापसी की। पहले हाफ तक जयपुर 23-12 से मजबूत बढ़त पर था। दूसरे हाफ में गगन गौड़ा ने एक के बाद एक सफल रेड्स से यूपी को वापसी की उम्मीद दी। कप्तान सुमित भी डिफेंस में सक्रिय दिखे, लेकिन दीपांशु खत्री के सुपर टैकल ने जयपुर को फिर से मजबूती दिला दी।

अंतिम क्वार्टर में नितिन ने दोहरी चमक बिखेरी। पहले सुपर-10 पूरा किया और फिर निर्णायक ऑल-आउट दिलाते हुए टीम को 41-29 से जीत दिलाई।

## एशिया कप में भारत-पाकिस्तान मुकाबला आज

एजेंसी

**नई दिल्ली :** भारत और पाकिस्तान के बीच एशिया कप का छठा मुकाबला रविवार रात 8 बजे (भारतीय समयानुसार) दुबई के दुबई क्रिकेट स्टेडियम में होगा।पिछले मैचों की तरह इस बार भी भारत-पाकिस्तान के बीच मुकाबले का रोमांच चरम पर होगा। भारत-पाकिस्तान के बीच टी-ट्वेंटी फॉर्मेट में 13 मैच खेले गए हैं, जिसमें भारत 9-3 से आगे है।

**भारतीय टीम**

सूर्यकुमार यादव (कप्तान), शुभमन गिल (उप-कप्तान), अभिषेक शर्मा, तिलक वर्मा, हार्दिक पंड्या, शिवम दुबे, अक्षर पटेल, जितेश शर्मा, जसप्रीत बुमराह, वरुण चक्रवर्ती,



अर्शदीप सिंह, कुलदीप यादव, संजू सैमसन, हर्षित राणा और रिंकू सिंह।

**पाकिस्तान की टीम**

सलमान आगा (कप्तान), अबरार अहमद, फहीम अशरफ, फखर जमान, हारिस रऊफ, हसन अली, हसन नवाज, हुसैन तलत, खुशदिल शाह, मोहम्मद हारिस (विकेटकीपर), मोहम्मद नवाज, मोहम्मद वसीम, साहिबजादा फरहान, सईम अयूब, सलमान मिर्जा, शाहीन शाह अफरीदी और सुफियान मोकिम।

# हिमाचल में व्यापक वर्षा, चंबा में नेशनल हाइवे धंसा, गाड़ियां गिरीं, 647 सड़कें बंद, अब तक 394 मौतें

एजेंसी



**शिमला :** हिमाचल प्रदेश में मॉनसून की कहर भरी बारिश थमने का नाम नहीं ले रही है। रविवार बीती रात से सुबह तक राज्य के कुछ स्थानों में जोरदार वर्षा दर्ज की गई। कांगड़ा जिले के धर्मशाला में सर्वाधिक 232 मिलीमीटर बारिश रिकॉर्ड हुई। पालमपुर में 126 मिलीमीटर, मंडी जिले के मुरारी देवी क्षेत्र में 79 मिलीमीटर और सुंदरनगर व जोगिंदरनगर में 77 मिलीमीटर वर्षा दर्ज हुई। राजधानी शिमला में भी रात को झमाझम बारिश हुई और सुबह से बादलों का डेरा बना हुआ है। लगातार हो रही बारिश से नदी-नाले उफान पर हैं और भूस्खलन की घटनाएं बढ़ रही हैं। मौसम विभाग ने आज रविवार को भी सात जिलों हमीरपुर, कांगड़ा, कुल्लू, मंडी, शिमला, सोलन और सिरमौर में भारी वर्षा को लेकर येलो अलर्ट जारी किया है। विभाग ने चेताया है कि इन जिलों में तेज बारिश के साथ अंधड़ और बिजली गिरने की संभावना है। हालांकि 15 से 20 सितम्बर तक मॉनसून की रफ्तार धीमी पड़ने और राज्य के अधिकांश हिस्सों में हल्की से मध्यम वर्षा होने का अनुमान जताया गया है। भारी बारिश और भूस्खलन ने जनजीवन अस्त-व्यस्त कर दिया है। सिरमौर जिले में हरिपुरधार-सोलन मार्ग भारी भूस्खलन के कारण अवरुद्ध हो गया है। वहीं चंबा जिले के डलहौजी थाना क्षेत्र के अंतर्गत वैली नामक स्थान पर पठानकोट-चंबा नेशनल हाइवे का एक हिस्सा धंस गया। इस दौरान एक ट्रक और दो बाइक नीचे जा गिरी, हालांकि गनीमत यह रही कि कोई जानी नुकसान नहीं हुआ। सड़क धंसने से वाहनों की आवाजाही प्रभावित हो गई है और प्रशासन की टीमें मौके पर राहत व बहाली कार्य में जुटी हुई हैं। राज्य आपातकालीन परिचालन केंद्र के अनुसार रविवार सुबह तक की स्थिति में प्रदेश में तीन नेशनल हाइवे और कुल 647 सड़कें यातायात के लिए बंद हो गई हैं। इनमें सबसे अधिक कुल्लू जिले में एनएच-03 और एनएच-305 व 170 सड़कें बाधित हैं। मंडी में 246, शिमला में 58, कांगड़ा में 45, चंबा में 38, सिरमौर में 24, बिलासपुर में 13 और ऊना जिले में एनएच-503ए व 22 सड़कें बंद पड़ी हुई हैं। इसके अलावा राज्य में 185 ट्रांसफार्मर और 343 पेयजल योजनाएं भी ठप हो गई हैं। कुल्लू जिले में सर्वाधिक 93 ट्रांसफार्मर, मंडी में 64 और चंबा में 24 ट्रांसफार्मर प्रभावित हुए हैं। पेयजल योजनाओं में सबसे अधिक 176 कांगड़ा, 61 शिमला और 53 मंडी में ठप पड़ी हैं। मॉनसून की इस तबाही ने हिमाचल को गहरे जख्म दिए हैं। प्रारंभिक रिपोर्ट के अनुसार अब तक 394 लोगों की मौत हो चुकी है, 455 लोग घायल हुए हैं और 41 लोग लापता बताए जा रहे हैं। जिला वार आंकड़ों में सबसे अधिक 61 मौतें मंडी में हुई हैं। कांगड़ा में 55, चंबा में 45, कुल्लू में 44, शिमला में 42, किन्नौर और सोलन में 29-29, ऊना में 25, सिरमौर में 20, बिलासपुर में 19, हमीरपुर में 16 और लाहौल-स्पीति में 9 लोगों की मौत हुई है।

भारी वर्षा और आपदा से अब तक 1,403 मकान पूरी तरह जमींदोज हो चुके हैं जबकि 5,952 मकान आंशिक रूप से क्षतिग्रस्त हुए हैं। 484 दुकानें और 5,929 गौशालाएं भी ढह चुकी हैं। पशुधन को भी भारी क्षति पहुंची है, जिसमें 2,086 पशु और 26 हजार से अधिक पोल्ट्री पक्षियों की मौत दर्ज की गई है। राज्य सरकार के अनुसार इस मॉनसून सीजन में सार्वजनिक संपत्ति को अब तक 4,467 करोड़ रुपये से अधिक का नुकसान हुआ है। लोक निर्माण विभाग को सबसे अधिक क्षति सड़कों और पुलों के टूटने से पहुंची है। राज्यभर में अब तक 140 भूस्खलन, 97 फ्लैश फ्लड और 46 बादल फटने की घटनाएं दर्ज की गई हैं। इस बीच प्रदेश में आपदा की स्थिति का जायजा लेने के लिए केंद्र सरकार के कई मंत्री इन दिनों दौरे पर हैं। वे चंबा, मंडी और कुल्लू जिलों में जाकर आपदा से हुए नुकसान और राहत कार्यों का निरीक्षण कर रहे हैं। वहीं, राज्य सरकार और प्रशासन ने लोगों से सतर्क रहने की अपील की है। खासतौर पर नदी-नालों और ढलानों से दूर रहने को कहा गया है.।

## देवकली मंदिर के समीप कान्हा गौशाला में हुआ पौधारोपण

एजेंसी



**औरैया :** उत्तर प्रदेश के औरैया में समाजसेवी संगठन एक विचित्र पहल सेवा समिति (रजि.) औरैया द्वारा पर्यावरण संरक्षण को दृष्टिगत रखते हुए निरंतर जीवनधारा पौधारोपण अभियान चलाया जा रहा है। रविवार सुबह 7 बजे समिति के अध्यक्ष राजीव पोरवाल रानू के नेतृत्व में शहर से लगभग 4 किलोमीटर दक्षिण दिशा में स्थित देवकली मंदिर के समीप कान्हा गौशाला में पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। अभियान के अंतर्गत नीम, बरगद, हरसिंगार, कदम, गुड़हल, बेलपत्री, चितवन, पकड़िया व अशोक आदि पौधों का रोपण किया गया। इन पौधों को अनूप कुमार बिश्नोई ह्यबब्बूह्न द्वारा भेंट किया गया। पौधों की सुरक्षा हेतु ट्री गार्ड लगाए गए तथा खाद की व्यवस्था भी की गई। सभी पौधों की देखभाल व सुरक्षा की जिम्मेदारी गौ रक्षकों को सौंपी गई। इस अवसर पर समिति के संस्थापक आनन्द नाथ गुप्ता एडवोकेट ने कहा कि पेड़-पौधों की अंधाधुंध कटाई और प्रकृति से अनावश्यक छेड़छाड़ के चलते पर्यावरण असंतुलन बढ़ रहा है, जिसके परिणामस्वरूप प्राकृतिक आपदाएं लगातार सामने आ रही हैं। उन्होंने मांग की कि पर्यावरण मंत्रालय को इस दिशा में सख्त कदम उठाने चाहिए। संस्थापक ने बताया कि जीवनधारा पौधारोपण अभियान के अंतर्गत अब तक समिति द्वारा 4632 पौधे रोपे व वितरित किए जा चुके हैं, जबकि लक्ष्य 5100 पौधों का रखा गया है।

## फारबिसगंज पीएचसी के स्टॉक रुम में लगी आग,लाखों रुपए मूल्य की दवाईयां और अन्य समान जलकर हुआ राख

एजेंसी



**अररिया :** फारबिसगंज राम मनोहर लोहिया पथ स्थित रेलवे गुमटी के पास स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के स्टॉक रुम रविवार अहले सुबह आग लग गई,जिसमें लाखों रुपए मूल्य के दवाईयों के साथ अन्य समान जलकर राख हो गए। आग करीबन पौने पांच बजे के करीब लगी और उस समय बारिश भी हो रही थी।स्थानीय लोगों के द्वारा आग लगने की जानकारी पीएचसी प्रभारी डॉ राजीव बसाक सहित अग्निशमन विभाग को दिया गया।जिसके बाद मौके पर फायर बिग्रेड की टीम मौके पर पहुंची और कड़ी मशक्कत के बाद लगे आग पर काबू पाया। आग लगने के कारणों का स्पष्ट पता नहीं चल पा रहा है।अस्पताल प्रबंधन जहां आग लगने का कारण शॉर्ट सर्किट बता रहे हैं।वहीं स्थानीय लोगों का कहना है कि जिस समय अस्पताल में आग लगी थी,उस समय वषार्पात और मेघ गर्जन के कारण बिजली नहीं थी।आगलगी की घटना प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के उत्तर दिशा स्थित पुराना आयुर्वेदिक अस्पताल में हुई।जिसका इस्तेमाल इन दिनों प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के दवाईयों के स्टॉक सहित अन्य विभागीय कार्यों को लिए किया जाता है। मामले को लेकर पीएचसी प्रभारी डॉ राजीव बसाक ने कहा कि आग लगने का स्पष्ट कारण कहा नहीं जा सकता है।लेकिन ऐसी संभावना जताई जा सकती है कि शायद शॉर्ट सर्किट के कारण उठी चिंगारी धीरे धीरे सुलगकर विकराल रूप ले लिया।आगजनी में लाखों की दवाईयां और अन्य समानों के जलने का अनुमान है।सही आंकड़ा स्टॉक मिलाने के बाद ही सामने आ सकता है। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र और आयुर्वेदिक अपस्ताल वाला भवन के सामने बड़ी संख्या में अतिक्रमण है।सड़क को अतिक्रमित कर फल की दुकानों के साथ अन्य दुकानें और ऑटो को खड़ा करने के लिए जमीन का इस्तेमाल किया जाता है।अस्पताल के पीछे कभी दुकानदारों द्वारा भी कार्टून या टोकरी को जलाने के काम करते हैं।ऐसे में आग कैसे लगी,यह जांच का विषय है।मौके पर मौजूद लोगों ने स्वास्थ्य विभाग पर भी सवाल खड़ा किया और कहा कि विभाग के काले करतूतों को छिपाने के लिए भी स्वास्थ्यकर्मियों के द्वारा भी आगजनी करवाई जा सकती है,जिसका निष्पक्ष जांच जरूरी है।

## मध्य प्रदेश में फिर लौटेगा मानसून, नया सिस्टम सक्रिय, आज 8 जिलों में तेज बारिश की संभावना

– प्रदेश में अब तक हो चुकी 41.9 इंच बारिश

एजेंसी



**भोपाल :** मध्य प्रदेश में मानसून का सिस्टम एक बार फिर सक्रिय हो गया है। नए सिस्टम के एक्टिव होने से भोपाल, इंदौर और जबलपुर संभाग में झमाझम बारिश होने की संभावना है। मौसम विभाग ने आज रविवार को प्रदेश के 8 जिलों में बारिश का येलो अलर्ट जारी किया है। मौसम विभाग के मुताबिक, प्रदेश में शनिवार को मानसून टर्फ की एक्टीविटी देखने को मिली। एक अन्य सिस्टम भी सक्रिय है। एक मानसून टर्फ बीच में से गुजर रही है। जिससे भोपाल, इंदौर, जबलपुर और नर्मदापुरम संभाग में अच?छी बारिश होने की संभावना है। मौसम विभाग ने आज 8 जिलों में तेज बारिश होने की संभावना जताई है। खंडवा, बुरहानपुर, बैतूल, पांढुर्णा, सिवनी, मंडला, अनूपपुर में बारिश होने के आसार है। इन जिलों में चार इंच तक पानी गिरने की संभावना है। बता दें कि प्रदेश में अब तक औसत 41.9 इंच बारिश हो चुकी है, जो कोटे से 11 प्रतिशत अधिक है। 30 से ज्यादा जिलों में सामान्य बारिश का कोटा फुल हो चुका है। मालवा-निमाड़ यानी, इंदौर-उज्जैन संभाग में हाल बुरे हैं। 15 में से 5 जिले-खरगोन, बुरहानपुर, खंडवा, शाजापुर और बड़वानी में 27 इंच पानी भी नहीं गिरा है। सबसे ज्यादा बारिश वाले टॉप-5 जिलों की बात करें तो गुना नंबर-1 पर है। यहां 65 इंच बारिश हो चुकी है। मंडला में 57.3 इंच, श्योपुर में 56.3 इंच, शिवपुरी में 54.3 इंच और अशोकनगर में 54.1 इंच पानी गिरा है।

## मुख्यमंत्री साय आज जशपुर में पर्यटन एवं कृषि क्रांति कार्यक्रम में होंगे शामिल

रायपुर : छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय आज रविवार को अलग-अलग कार्यक्रमों में शामिल होंगे एवं विकास कार्यों का लोकार्पण करेंगे। इस दौरान वे कृषि, पर्यटन और जनकल्याण से जुड़ी कई महत्वपूर्ण योजनाओं का शिलान्यास भी करेंगे। मुख्यमंत्री कार्यालय से मिली जानकारी के मुताबिक सबसे पहले मुख्यमंत्री साय जशपुर में पर्यटन एवं कृषि क्रांति कार्यक्रम में शामिल होंगे। यह कार्यक्रम आज सुबह 11:00 बजे आयोजित किया जाएगा। इस कार्यक्रम में क्षेत्रीय पर्यटन को बढ़ावा देने और किसानों के हित में योजनाओं की घोषणा की जाएगी। इसके बाद 12 बजे साय जशपुर से रवाना होकर कांकेर पहुंचेंगे और यहां वे ठाकुर जोहारनी कार्यक्रम में शामिल होंगे । इसके बाद 3:15 पर कांकेर से रवाना होकर साय राजधानी रायपुर आएंगे। मुख्यमंत्री के इस दौरे के दौरान कई विकास परियोजनाओं का शिलान्यास और लोकार्पण किया जाएगा, जिनमें सड़क निर्माण, सिंचाई सुविधाओं का विस्तार, ग्रामीण विकास योजनाएं और पर्यटन से जुड़े बुनियादी ढांचे का विकास प्रमुख हैं।

## हिमाचल में 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक सेवा पखवाड़ा मनाएगी भाजपा

**शिमला :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस 17 सितंबर से लेकर 2 अक्टूबर तक हिमाचल प्रदेश में सेवा पखवाड़ा मनाया जाएगा। इस दौरान भाजपा कार्यकर्ता और आम जनता मिलकर विभिन्न सेवा गतिविधियों को अंजाम देंगे। यह जानकारी भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल ने रविवार को दी। उन्होंने कहा कि 17 सितंबर, जो भगवान विश्वकर्मा जयंती का दिन भी है, प्रदेशभर में सेवा पखवाड़े की शुरूआत होगी। इस दिन 17 अलग-अलग स्थानों पर रक्तदान शिविर आयोजित किए जाएंगे। इसके अलावा 17 से 25 सितंबर तक कई और ब्लड डोनेशन कैंप, स्वच्छता अभियान और डोनर्स की सूची तैयार करने जैसे कार्यक्रम किए जाएंगे। डॉ. बिंदल ने बताया कि 25 सितंबर को जनसंघ संस्थापक और अंत्योदय के प्रणेता पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती के अवसर पर प्रदेश के 8,000 पोलिंग बूथों पर श्रद्धासुमन अर्पित किए जाएंगे। इस दिन पेड़ लगाने और स्वच्छता कार्यक्रम भी चलाए जाएंगे। उन्होंने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय ने गरीब कल्याण को ईश्वर की सेवा माना और भाजपा उसी मार्ग पर चलते हुए समाज की अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति की सेवा को प्राथमिकता देती है। उन्होंने बताया कि 25 सितंबर से 2 अक्टूबर तक पूरे प्रदेश में ह्यस्वदेशी अभियानह्न चलाया जाएगा। इसके तहत स्थानीय उत्पादों और कारीगरों को बढ़ावा दिया जाएगा। बुनकरों, कुम्हारों और छोटे उद्यमियों द्वारा बनाए गए सामान की खरीद को प्रोत्साहित किया जाएगा। यह कदम प्रधानमंत्री मोदी के ह्यवोकल फॉर लोकलह्न के आह्वान को आगे बढ़ाने की दिशा में होगा।

## हिन्दी हमारी पहचान, स्वाभिमान और सम्मान है : मुख्यमंत्री डॉ. यादव



एजेंसी

**भोपाल :** पूरे देश में आज यानी रविवार को हिंदी दिवस मनाया जा रहा है। इस खास दिन को मनाने का उद्देश्य हिंदी भाषा के महत्व और प्रसार को बढ़ावा देना है। साल 1949 में आज ही के दिन संविधान सभा ने हिंदी को भारत की राजभाषा बनाने का फैसला लिया था। इसके बाद साल 1953 में पहली बार 14 सितंबर को हिंदी दिवस मनाया गया और तब से हर साल इस खास दिन को राष्ट्रीय हिंदी दिवस के रूप में मनाया जाता है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने हिन्?दी दिवस पर प्रदेशवासियों को शुभकामनाएं दी हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सोशल मीडिया एक्स पर पोस्ट कर अपने शुभकामना संदेश में लिखा सभी को हिन्दी दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं! हिन्दी हमारी पहचान है, हिन्दी हमारा स्वाभिमान है, हिन्दी से ही हमारा सम्मान है। हिन्दी में आनन्द है, ज्ञान है, विज्ञान है, संस्कार है। आइए, हम सभी अपनी भाषा हिन्दी के प्रति सम्मान प्रकट करें और गर्व से कहें 'हिन्दी हैं हम'।

## वायरल फीवर से ग्रसित मरीजों की संख्या में इजाफा, ओपीडी में रोजाना पहुंच रहे सौ से भी ज्यादा मरीज : डॉ एस के गौतम

एजेंसी



**कानपुर :** मौसम में बदलाव होने के चलते जिले में वायरल फीवर का असर बढ़ने लगा है। ऐसे में जिला अस्पतालों में बुखार से ग्रसित मरीजों की संख्या में इजाफा हो रहा है। हैलट अस्पताल में लगने वाली ओपीडी में रोजाना 600 से 800 मरीज आते हैं। जिनमें से सौ मरीज बुखार से ग्रसित पाए जा रहे हैं। अमुमन यह वायरल ठीक होने में सात से 10 दिनों का समय लेता है। शुरूआत में खांसी, जुखाम, पेट दर्द जैसे लक्षण दिखाई देते हैं। समय पर इलाज न करवाने पर यह डायरिया कभी रूप ले लेता है। ऐसे में इस तरह की समस्या होने पर तुरंत ही डॉक्टर से संपर्क करें। यह बातें जानकारी रविवार को गणेश शंकर विद्यार्थी मेडिकल कॉलेज मेडिसिन प्रोफेसर डॉक्टर एसके गौतम ने दी। बदलती हुई लाइफ स्टाइल, शरीर के साथ खिलवाड़ और मौसम की मार की वजह से तरह-तरह की बीमारियां पनप रही हैं। वर्तमान में वायरल फीवर काफी तेजी से फैल रहा है। जिस वजह से जिला अस्पतालों में मरीजों की संख्या में दिन पर दिन इजाफा हो रहा है। हैलट अस्पताल में लगने वाली ओपीडी में रोजाना 100 से भी ज्यादा वायरल फीवर से ग्रसित मरीज पहुंच रहे हैं। इन मरीजों में सबसे ज्यादा बच्चों और बुजुर्गों में यह लक्षण पाया जा रहा है।मेडिकल कॉलेज के मेडिसिन प्रोफेसर डॉ एसके गौतम ने बताया कि वायरल फीवर की शुरूआत में सबसे पहले मरीज को गले में दर्द, खांसी, जुकाम, पेट दर्द, भूख न लगना, चक्कर आना और कमजोरी लगने जैसे लक्षण दिखाई देते हैं। यदि समय पर इसका इलाज न कराया जाए। तो यह डायरिया का भी ले लेता है। ऐसे में इस तरह के किसी भी लक्षण होने पर तुरंत ही डॉक्टर से संपर्क करें। आगे उन्होंने बताया कि इसकी रोकथाम के लिए सुबह उठने से लेकर रात सोने तक अपना शेड्यूल बनाकर रखें। जिसमें पर्याप्त नींद छह से आठ घंटे, खाने में ज्यादा से ज्यादा प्रोटीन, समय पर उठकर योग करने जैसी बातें बताईं हैं। इसके अलावा भीड़ भाड़ वाली जगहों पर जाने से बचे। साथ ही समय-समय हाथों को साबुन या फिर सेनेटाइजर से साफ करते रहें।

## न्यूज IN ब्रीफ

### शिमला में दो अलग-अलग जगह से तीन बच्चे लापता

**शिमला :** शिमला जिले में दो अलग-अलग स्थानों से तीन बच्चों के लापता होने के मामले सामने आए हैं। दोनों मामलों में पुलिस ने गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पहला मामला शिमला जिले के कुपवी थाना क्षेत्र का है। यहां एक व्यक्ति ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसकी दो बेटियां परीक्षा देने के लिए स्कूल गई थीं। इनमें से एक बेटी घर लौट आई, जबकि दूसरी वापस नहीं आई। परिजनों ने जब तलाश की तो उसका मोबाइल फोन भी बंद पाया गया। इस पर थाना कुपवी में मामला दर्ज कर जांच की जा रही है। दूसरा मामला शिमला के ढली थाना क्षेत्र का है। यहां नेपाल के रहने वाले दो श्रमिक परिवार भट्टाकुफर क्रशर के पास फोरलेन निर्माण साइट पर टेंट में रहते हैं। उनकी शिकायत के अनुसार 12 सितंबर को काम से लौटने पर उनके दो नाबालिग बेटे टेंट से गायब पाए गए। परिजनों ने बताया कि बच्चे पहले भी घर से चले गए थे लेकिन अगले दिन लौट आए थे। इस बार वे वापस नहीं आए। पुलिस ने दोनों मामलों में एफआईआर दर्ज कर ली है और लापता बच्चों की तलाश शुरू कर दी है। पुलिस टीम आसपास के क्षेत्रों और संभावित स्थानों पर बच्चों को खोजने में जुटी है। पुलिस ने लोगों से अपील की है कि यदि किसी को इन बच्चों के बारे में कोई जानकारी मिले तो तुरंत पुलिस को सूचित करें।

### पूजा पंडालों में बुक स्टॉल लगाकर जनता से जुड़ने की तैयारी में बंगाल भाजपा

**कोलकाता :** दुगार्पूजा के दौरान जनसंपर्क बढ़ाने के लिए बंगाल भाजपा इस बार नई रणनीति पर काम कर रही है। सूत्रों केमुताबिक, पार्टी पूजा पंडालों में बुक स्टॉल लगाकर आम लोगों से जुड़ने की योजना बना रही है। शनिवार रात आयोजित एक अहम बैठक में पार्टी के पश्चिम बंगाल प्रभारी सुनील बंसल, प्रदेश अध्यक्ष शमिक भट्टाचार्य, केंद्रीय मंत्री सुकांत मजूमदार सहित कई वरिष्ठ नेता मौजूद थे। शीर्ष नेतृत्व ने साफ संदेश दिया कि दुगार्पूजा के दौरान बुक स्टॉल को ही जनता तक पहुंचने का बड़ा हथियार बनाया जाएगा और इसके लिए संगठन को बूथ स्तर तक कड़ी मेहनत करनी होगी। भाजपा सूत्रों के अनुसार, अधिक भीड़भाड़ वाले इलाकों और बड़े पूजा प्रांगणों को चुनकर वहां ये स्टॉल लगाए जाएंगे। इन स्टॉल्स में ह्लवोकल फॉर लोकलह्व का संदेश दिया जाएगा और इसे पूरी तरह स्वदेशी स्वरूप में पेश किया जाएगा। साथ ही, पूजा पंडालों में आने वाले श्रद्धालुओं और दर्शकों की हर संभव मदद करने पर जोर दिया गया है, ताकि जनता के बीच पार्टी की ह्लहमेशा साथ रहनेह्व वाली छवि मजबूत हो। महालया के बाद यानी पूजा की शुरूआत होते ही शहर से गांव तक भाजपा का यह जनसंपर्क अभियान शुरू होगा। शनिवार की बैठक में सुनील बंसल ने स्पष्ट निर्देश दिया कि इस कार्यक्रम को बूथ स्तर तक ले जाना होगा। इसके साथ ही, विधानसभावार और मंडल स्तर पर ह्लविजया सम्मेलनह्व आयोजित करने पर भी जोर देने को कहा गया है।

### पुलिस की मुठभेड़ में चार बदमाश घायल

**गाजियाबाद :** गाजियाबाद पुलिस ने पिछले 24 घंटों के दौरान दो अलग-अलग मुठभेड़ों में चार बदमाशों को गिरफ्तार किया है। इस दौरान पुलिस की ओर से चलाई गई गोली से चारों ही बदमाश घायल हो गए। जिन्हें अस्पताल में दाखिल कराया गया है। एसीपी इन्दिरपुरम अभिषेक श्रीवास्तव ने रविवार को बताया कि थाना इन्दिरापुरम पुलिस शनिवार की रात में कनावानी पुलिया पर चेकिंग कर रही थी। तभी हिन्डन नहर 5/6 की पुलिया की तरफ से एक मोटर साइकिल पर सवार 02 व्यक्तियों को रुकने का इशारा किया। परन्तु दोनों मोटर साइकिल सवार युवक नही रुके तथा मोटर साइकिल को तेजी से पीछे मोड़ते हुए भागने का प्रयास किया। जिसके बाद मोटर साइकिल फिसलकर गिर गयी । जिसके बाद व्यक्ति ने मोटर साइकिल को छोड़कर पुलिस पार्टी पर जान से मारने की नियत से फायर करते हुए भागने का प्रयास किया । जिससे पुलिस ने जवाबी कार्यवाही की गयी जिससे गोली चलाने वाले बदमाश शहबाज उर्फ पोली पुत्र अब्दुल रहमान निवासी नन्द नगरी थाना नन्द नगरी दिल्ली घायल होकर नीचे गिर गया। जिसे गिरफ्तार कर लिया गया। उसके कब्जे से अवैध तमंचा, 01 खोखा कारतूस, 01 जिन्दा कारतूस व चोरी की 01 मोटर साइकिल सहित गिरफ्तार कर लिया गया। एसीपी कोतवाली रितेश त्रिपाठी ने बताया कि विजयनगर पुलिस एवं स्वाट टीम को मुखबिर द्वारा सूचना दी गयी कि हिण्डन नदी पुस्ता की झाडियों में कुछ संदिग्ध व्यक्तियों किसी घटना करने की फिराक में बैठे है । जिस पर थाना विजयनगर पुलिस एवं स्वाट टीम नगर द्वारा संयुक्त रूप से योजनाबद्ध तरीके से हिण्डन नदी पुस्ता झाडियों में छिपे बदमाश को आत्मसमर्पण करने हेतु कहा गया तो नही रूके तथा मौके पर अपनी स्कूटी छोड़ अपने सामान एवं बैग को लेकर भागने लगे । पुलिस द्वारा अपने आप को घिरता देखा तीनों बदमाशों ने पुलिस पार्टी पर जान से मारने की नियत से एक के बाद एक फायर करना शुरू कर दिया तथा मौके से भागने लगे । पुलिस ने भी जवाबी करवाई की। जिसमें तीनों बदमाश पुलिस की गोली लगने से घायल हो गया। घायल बदमाशों में राजा उर्फ मुकेश निवासी चांदोक थाना जहागीराबाद जिला बुलन्दशहर दीपक उर्फ लूट्टन निवासी ग्राम करौला थाना पहासू जिला बुलन्दशहर तथा वंश निवासी गिरधर पुरा विसरख गौतमबुद्धनगर हैं। गिरफ्तार अभियुक्तगण ने पूछताछ पर बताया कि साहब हमने अपना एक गैंग बना रखा है जिसमें हम तीनों मिलकर भोले भाले व्यक्तियों के साथ तमंचे के बल पर लूटपाट करके उनका सामान छीन लेते है तथा उन्हे सुनसान जगह पर छोड़ देते हैं जो सामान मिलता है उसे बेचकर रूपयों को आपस में बांट लेते है । तीन दिन पहले भी हमने आईपीआईएम कॉलेज के पास एक लड़के से लूटपाट की थी तथा पहले भी हमने कई लूट की वारदात की है । आज हम लूट के सामान को आपस में बांट रहे थे कि पुलिस द्वारा हमें पकड़ लिया गया ।

### हुगली-चुंचुड़ा नगर पालिका में बड़ा घोटाला: म्यूटेशन शुल्क में लाखों की हेराफेरी

**हुगली :** हुगली-चुंचुड़ा नगर पालिका से बड़े वित्तीय घोटाले की खबर सामने आई है। आरोप है कि म्यूटेशन कराने के लिए जो राशि ली गई, वह नगर पालिका के खजाने में जमा ही नहीं हुई। इस मामले में नगर पालिका का एक कर्मचारी आरोपों के घेरे में है। मामला सामने आने पर जब अधिकारी ने पूछताछ की, तो कर्मचारी ने स्वीकार किया कि उसने करीब 15 ऐसे म्यूटेशन करा दिए हैं। बताया जा रहा है कि प्रत्येक म्यूटेशन में कम से कम 25 से 30 हजार रुपये जमा होते हैं। इस हिसाब से लाखों रुपये की हेराफेरी का आरोप लग रहा है। नपा चेयरमैन अमित राय ने कहा, ह्लअब तक पता चला है कि यह काम केवल एक व्यक्ति ने किया है। उसे कारण बताओ नोटिस (शोकॉज) दिया गया है। साथ ही हम थाने में एफआईआर दर्ज कराकर पूरे मामले की जांच की मांग कर रहे हैं। जो भी इस घोटाले में शामिल होगा, उसके खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई होगी। तृणमूल समर्थित कर्मचारियों की यूनियन के उपाध्यक्ष असीम अधिकारी ने कहा, ह्लहर महीने हमारे वेतन पर टालमटोल होता है। वहीं, नगर पालिका के राजस्व से आने वाली रकम म्यूटेशन और टैक्स के नाम पर इस तरह हेराफेरी हो रही है। दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई होनी चाहिए। कर विभाग में एक इंचार्ज हैं, उन्हें पता नहीं चला कि इतने महीनों से यह खेल चल रहा है।

न्यूज IN ब्रीफ

## भारतवर्ष में जितिया की अपनी अलग ही महत्व है



जितिया एक व्रत है जिसमें निर्जला उपवास पूरे दिन किया जाता है और माता द्वारा अपने बच्चों की कल्याण के लिए मनाया जाता है जितिया व्रत जिसे जीवित्पुत्रिका व्रत भी कहते हैं यह माता द्वारा अपनी संतान की लंबी उम्र सुख समृद्धि के लिए किया जाता है व्रत के दौरान पूजा पाठ के बाद जितिया व्रत कथा को सुनना या पढ़ना बहुत शुभ माना जाता है।

## एमबीए एमसीए सेमेस्टर-3 का रिजल्ट जारी

**दुमका :** सिदो कान्हू मुर्मू विश्वविद्यालय ने शनिवार को दो परीक्षाओं के परिणाम घोषित किए। जिन परीक्षाओं का परिणाम घोषित किया गया, वे एमसीए (मास्टर ऑफ कंप्यूटर एप्लीकेशन्स) और एमबीए (मास्टर ऑफ बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन) तृतीय सेमेस्टर, सत्र 2023-25 की परीक्षाएं थीं। परीक्षा नियंत्रक डॉ. रीना नीलिमा लकड़ा ने बताया कि, एमसीए तृतीय सेमेस्टर में शामिल सभी छात्र-छात्राएं सफल घोषित किए गए हैं, यानी इस परीक्षा में शत-प्रतिशत (100%) सफलता दर रही। दुसरी ओर, एमबीए तृतीय सेमेस्टर में कुल 86.67 प्रतिशत विद्यार्थी सफल हुए हैं।
विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा परीक्षा परिणाम की घोषणा के साथ विश्वविद्यालय की आधिकारिक वेबसाइट पर भी रिजल्ट अपलोड कर दिया गया है।

## देवघर में दुर्गा पूजा की तैयारियां जोरों पर हैं. भव्य पंडाल बनाए जा रहे हैं



**देवघर :** बाबा नगरी में इस साल दुर्गा पूजा की तैयारियां चरम पर हैं. शहर की विभिन्न दुर्गा पूजा समितियां भव्य पंडाल बनाने में जुटी हैं. बैद्यनाथपुर, बिलासी, कृष्णापुरी और कुंडा की समितियां करोड़ों की लागत से भव्य पंडाल तैयार कर रही हैं.
दुर्गा पूजा की तैयारियों को लेकर बिलासी पूजा समिति के वरिष्ठ सदस्य आशीष झा ने बताया कि इस बार उनके पंडाल में राजस्थानी संस्कृति की झलक दिखाई जाएगी. यहां पंडाल की सजावट में राजस्थान के प्राचीन राज दरबार के भव्य स्वरूप को जीवंत किया जा रहा है. वहीं, कई पूजा समितियां दक्षिण भारतीय परंपरा और अन्य आकर्षक थीम पर आधारित पंडाल बना रही हैं. पूरे शहर के मोहल्लों में कारीगर दिन-रात काम कर रहे हैं ताकि त्योहार शुरू होने से पहले हर पंडाल अपनी पूरी भव्यता के साथ तैयार हो सके.
देवघर के जानकारों का कहना है कि देवघर कभी बंगाल का हिस्सा था. परिसीमन के बाद इसे बिहार और फिर झारखंड में शामिल कर लिया गया, लेकिन आज भी यहां बड़ी संख्या में बंगाली समुदाय के लोग निवास करते हैं. यही वजह है कि देवघर की दुर्गा पूजा में बंगाली परंपराओं का प्रभाव साफ दिखाई देता है. पंडा समाज के वरिष्ठ पुजारी गोरेलाल पंडा के अनुसार, देवघर में सभी पूजाए बंगाली पंचांग के अनुसार होती हैं. यहा हिंदी पंचांग का प्रयोग नहीं होता. बैद्यनाथ धाम के पुजारी ध्रुव नारायण मिश्र भी मानते हैं कि बंगाली परंपरा के प्रभाव के कारण ही हर वर्ग के लोग एक ही तरीके से पूजा-अर्चना करते हैं.
बंगाली समाज की गोपा गुप्ता कहती हैं कि देवघर में दुर्गा पूजा मनाने का अनुभव बिल्कुल पश्चिम बंगाल जैसा ही होता है. सिंदूर खेला हो या विसर्जन की परंपरा - सब कुछ बंगाली रीति-रिवाजों के अनुसार ही होता है.

## ट्रेनों की लेटलतीफी पर फिर हुई टाटानगर में शिकायत

**जमशेदपुर :** चक्रधरपुर मंडल और टाटानगर होकर हावड़ा मुंबई मार्ग पर ट्रेनों की लेटलतीफी में सुधार नहीं हो रहा है। इससे टाटानगर स्टेशन पुस्तिका में फिर एक यात्री ने शिकायत दर्ज कराई। बताया जाता है कि, रविवार को हावड़ा से बड़बिल जनशताब्दी एक्सप्रेस और टिटलागढ़ इस्पात एक्सप्रेस 3 घंटे लेट से टाटानगर स्टेशन पहुंची जबकि, मुंबई मार्ग की गीतांजलि और अहमदाबाद एक्सप्रेस भी लेट से आई। इसके अलावा लोकल ट्रेनों के परिचालन समय में सुधार नहीं हो रहा है, जिससे कोल्हान और ओडिशा-बंगाल के यात्रियों में रेलवे के प्रति आक्रोश भड़क रहा है।

## टाटा की ट्रेनों का परिचालन आद्रा में लाइन ब्लॉक से होगा प्रभावित

**जमशेदपुर :** झाड़ग्राम-धनबाद मेमू ट्रेन 15, 19 और 21 सितंबर को बोकारो जबकि, टाटानगर-आसनसोल मेमू ट्रेन 16 और 19 सितंबर को आद्रा से लौटेगी। दक्षिण पूर्व रेलवे जोन से आद्रा मंडल में लाइन मरम्मत एवं अन्य विकास कार्य के लिए ब्लॉक को लेकर यह आदेश हुआ है। इधर, टाटानगर-हटिया एक्सप्रेस का मार्ग 16, 17 और 20 सितंबर को बदलेगा। इससे ट्रेन चांडिल से पुरुलिया नहीं जाकर मुरी के रास्ते हटिया जाएगी। वहीं, बक्सर से टाटानगर एक्सप्रेस 19 व 21 सितंबर को डेढ़ घंटे लेट से खुलेगी।

## बरसोल थाना के नए थाना प्रभारी बने अभिषेक कुमार

बहरागोड़ा : बहरागोड़ा प्रखंड अंतर्गत बरसोल थाने के नए थाना प्रभारी के रूप में अभिषेक कुमार ने कार्यभार संभाल लिया है। उन्होंने निवर्तमान थाना प्रभारी चंदन कुमार से विधिवत प्रभार ग्रहण किया। वहीं, प्रभार ग्रहण करने के पश्चात नए थाना प्रभारी ने अपनी प्राथमिकताएं बताते हुए कहा कि थाना क्षेत्र में अपराध नियंत्रण और शांति व्यवस्था बनाए रखना उनकी पहली प्राथमिकता होगी। उन्होंने यह भी कहा कि वे सभी लोगों और जनप्रतिनिधियों के साथ मिलकर क्षेत्र में कानून का राज स्थापित करने की दिशा में काम करेंगे।

# पलामू जिला जज को स्थानांतरण के पश्चात दी गई विदाई



**बिनय मिश्रा**

पलामू जिला न्यायालय के प्रधान एवं जिला सत्र न्यायाधीश दिवाकर पांडेय का स्थानांतरण झारखंड उच्च न्यायालय में हो जाने के पश्चात उनके स्थानांतरण के पश्चात जिले के वरीय पदाधिकारियों ने उनसे औपचारिक शिष्टाचार मुलाकात कर उन्हें भावभीनी विदाई दी। विदाई समारोह में मुख्य रूप से पलामू रेंज के डीआईजी नौशाद आलम, उपायुक्त समीरा एस, पुलिस अधीक्षक रिष्मा रामेशन, सदर एसडीएम सुलोचना मीणा सहित न्यायिक एवं प्रशासनिक अधिकारीगण उपस्थित रहे। इस अवसर पर सभी पदाधिकारियों ने जिला जज दिवाकर पांडेय को पुष्पगुच्छ और अंगवस्त्र भेंट कर उनके कार्यकाल को याद किया। डीआईजी नौशाद आलम ने कहा कि न्यायाधीश दिवाकर पांडेय का कार्यकाल बेहद उत्कृष्ट रहा है उनके नेतृत्व में न्यायिक व्यवस्था और पुलिस-प्रशासन के बीच बेहतर समन्वय बना रहा, जिसका सीधा लाभ जिले की आम जनता को मिला। डीआईजी ने जिला जज के कुशल नेतृत्व और संवेदनशील कार्यशैली की सराहना की। साथ ही कहा कि न्याय की स्थापना के लिए उन्होंने हमेशा सख्ती और निष्पक्षता से काम किया, जिससे जिले में न्यायिक प्रक्रिया को मजबूती मिली। अब पलामू के नए प्रधान एवं जिला सत्र न्यायाधीश के रूप में श्रीराम शर्मा जिला जज पदभार संभालेंगे। डीआईजी नौशाद आलम ने कहा कि जिस तरह पलामू पुलिस ने जज दिवाकर पांडेय के साथ मिलकर काम किया, उसी प्रकार आगे भी नए जिला जज श्रीराम शर्मा के साथ समन्वय स्थापित कर जिले की न्यायिक और विधि-व्यवस्था को और सुदृढ़ बनाने का प्रयास किया जाएगा। इस अवसर पर मौजूद सभी अधिकारियों ने दिवाकर पांडेय के उज्ज्वल भविष्य और उच्च न्यायालय में उनके नए कार्यकाल के लिए शुभकामनाएं दीं।

## भू-हस्तांतरण व भू-अर्जन मामलों में लाएं तेजी : उपायुक्त



**देवघर :** जिले के उपायुक्त-सह-जिला दण्डाधिकारी नमन प्रियेश लकड़ा की अध्यक्षता में शनिवार को समाहरणालय सभागार में एनएच 133 (चौपामोड़ से हसंडीहा सड़क निर्माण) के कार्यों की समीक्षा में भूमि भू-हस्तांतरण, भू-अर्जन एवं म्यूटेशन से जुड़ी समस्याओं के समाधान को लेकर संबंधित विभाग के अधिकारियों को आवश्यक व उचित दिशा निर्देश दिया। इसके अलावा बैठक के दौरान उपायुक्त श्री लकड़ा ने परियोजना निर्देशक केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय विवेक नंदन से चौपामोड़-हंसडीहा फोरलेन के चल रहे विभिन्न कार्यों की वस्तुस्थिति से अवगत हुए। साथ ही धनबाद स्थित प्रोजेक्ट इंप्लीमेंट यूनिट कार्यालय द्वारा किये जा रहे कार्यो में आ रही समस्याओं के निदान को लेकर संबंधित विभाग के अधिकारियों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करने का निर्देश दिया, ताकि समयानुसार कार्यों को पूर्ण किया जा सके। आगे उपायुक्त ने संबंधित अधिकारियों को निदेशित किया गया कि जिन परियोजनाओं में राशि उपलब्ध है उन रैयतों को मुआवजा राशि कैम्प लगाकर तत्काल वितरित करें। साथ ही बैठक के दौरान उपायुक्त ने देवघर से मधुपुर फोरलेन कार्य को लेकर संबंधित अधिकारियों व कार्यपालक अभियंता को आवश्यक व उचित दिशा निर्देश दिया। बैठक परियोजना निर्देशक केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय विवेक नंदन, अपर समाहर्ता हीरा कुमार, जिला भू-अर्जन पदाधिकारी व एनएच के अधिकारी, साइट इंजीनियर ऋषिकेश नारायण, सहायक जनसम्पर्क पदाधिकारी रोहित कुमार विद्यार्थी एवं संबंधित विभाग के अधिकारी आदि उपस्थित थे।

## सभी शिक्षक अनिवार्य रूप से बायोमेट्रिक उपस्थिति दर्ज करेंगे : उपायुक्त



**दुमका :** समाहरणालय स्थित अपने कक्ष में आयोजित शिक्षा विभाग की समीक्षा बैठक में शनिवार को जिले के उपायुक्त अभिजीत सिन्हा ने स्पष्ट निर्देश दिया कि जिले के सभी शिक्षक अनिवार्य रूप से बायोमेट्रिक उपस्थिति दर्ज करेंगे। जानकारी दी गई कि वर्तमान में 21 शिक्षक उपस्थिति दर्ज नहीं कर रहे हैं। उपायुक्त ने ऐसे शिक्षकों को चिह्नित कर स्पष्टीकरण पूछने एवं कार्रवाई करने का निदेश दिया।
उन्होंने कहा कि सभी शिक्षक जय गुरुजी ऐप पर पाठ्यक्रम की स्थिति अपलोड करना सुनिश्चित करेंगे। जो शिक्षक ऐसा नहीं कर रहे हैं, उन्हें चिह्नित कर कार्रवाई की जाएगी। वहीं, बेहतर कार्य करने वाले शिक्षक एवं बच्चों को जिला प्रशासन द्वारा सम्मानित करने की पहल की जाएगी।
उपायुक्त ने निर्देश दिया कि जन चेतना केंद्र के माध्यम से सुदूर एवं पिछड़े क्षेत्रों में एडल्ट एजुकेशन नियमित रूप से चलाया जाए, ताकि लोगों को हस्ताक्षर करने से लेकर आवश्यक जीवनोपयोगी ज्ञान मिल सके।
उन्होंने मिड डे मील योजना में बच्चों को मिलने वाले भोजन की गुणवत्ता एवं मानक सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही, शिक्षा विभाग द्वारा उपलब्ध कराए जाने वाले किताब, नोटबुक, बैग आदि का शत-प्रतिशत वितरण बच्चों के बीच सुनिश्चित करने को कहा। सभी विद्यालयों में फायर सेफ्टी मॉक ड्रिल आयोजित करने का भी निर्देश दिया।
उपायुक्त ने कहा कि सभी प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी प्रत्येक माह न्यूनतम 12 विद्यालयों का निरीक्षण करेंगे। कम निरीक्षण करने वाले पदाधिकारियों पर विधिसम्मत कार्रवाई की जाएगी।बीआरपी एवं सीआरपी भी विद्यालय का निरीक्षण प्रत्येक माह करेंगे।इसके अलावा, सीआरपी के कार्यों की रैंडम जांच एवं शिक्षकों की उपस्थिति की वीडियो कॉल मॉनिटरिंग भी की जाएगी।
बैठक में जन्म प्रमाण पत्र बनाने की प्रक्रिया को सरल एवं तेज करने, प्रखंड स्तर पर आधार निर्माण कार्य में तेजी लाने, जर्जर विद्यालय भवनों की सूची तैयार कर उन्हें ध्वस्त करने तथा हाइवे किनारे स्थित विद्यालयों में चारदीवारी अथवा कांटेदार तार लगाने की दिशा में भी निर्देश दिए गए।
उपायुक्त ने स्पष्ट कहा कि राज्य द्वारा निर्धारित कार्यक्रमों में जिले की स्थिति पीछे रहना बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। सभी प्रभाग प्रभारी अपने-अपने कार्यों में तेजी लाएँ। इस अवसर पर उप विकास आयुक्त अनिकेत सचान, अतिरिक्त जिला कार्यक्रम पदाधिकारी देवेश कुमार सिन्हा, सहायक कार्यक्रम पदाधिकारी श्याम सुंदर मोदक, विभाष चंद्र महतो, रंजन डॉन, सुबल चंद्र कपूर, सूरज पांडेय, तारक नाथ, एस्थर मुर्मू सहित सभी प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी मौजूद थे।

# सिदो कान्हू मुर्मू विश्वविद्यालय ने जारी किया खेल कैलेंडर

**संवाददाता**

**दुमका :** सिदो कान्हू मुर्मू विश्वविद्यालय ने शैक्षणिक सत्र 2025-26 के लिए अंतर महाविद्यालयीय खेल प्रतियोगिताओं का वार्षिक कैलेंडर शनिवार को जारी कर दिया है। उक्त वार्षिक कैलेंडर की अधिसूचना विश्वविद्यालय के कुलसचिव द्वारा शनिवार को जारी किया गया। जारी कैलेंडर में विभिन्न खेलों की तिथियाँ, आयोजन स्थल और संबंधित महाविद्यालयों की जिम्मेदारियाँ स्पष्ट रूप से निर्धारित की गई हैं। खेल प्रतियोगिताएं 24 सितंबर 2025 से प्रारंभ होकर 19 नवंबर 2025 तक चलेंगी, जिनमें पुरुष एवं महिला वर्ग दोनों के लिए स्पधाएं आयोजित की जाएंगी।
सबसे पहले कुश्ती (महिला एवं पुरुष वर्ग) की प्रतियोगिता 24 से 25 सितंबर 2025 तक एस.पी. महिला कॉलेज, दुमका में आयोजित की जाएगी। इसके बाद कबड्डी की प्रतियोगिता 25 और 26 सितंबर को जामताड़ा कॉलेज, जामताड़ा में होगी। थांग-ता खेल की प्रतियोगिता 26 सितंबर को एस.पी.एम. कॉलेज, दुमका में संपन्न होगी।



इसके बाद वॉलीबॉल (महिला एवं पुरुष वर्ग) की प्रतियोगिता 7 और 8 अक्टूबर को गोड्डा कॉलेज, गोड्डा में आयोजित होगी। उसी दिन, यानी 7 अक्टूबर को ही तीरंदाजी की प्रतियोगिता एस.पी. कॉलेज, दुमका में कराई जाएगी। फुटबॉल की प्रतियोगिता 9 और 10 अक्टूबर को के.के.एम. कॉलेज, पाकुड़ में आयोजित की जाएगी, जबकि क्रिकेट की प्रतियोगिता 10 और 11 अक्टूबर को एस.पी. कॉलेज, दुमका में होगी।
बैडमिंटन प्रतियोगिता 13 अक्टूबर को साहेबगंज कॉलेज, साहेबगंज में संपन्न होगी। इसके बाद खो-खो खेल की प्रतियोगिता 15 और 16 अक्टूबर को एस.आर.टी. कॉलेज, धड़मी, गोड्डा में आयोजित की जाएगी। एथलेटिक्स की प्रतियोगिता 12 और 13 नवम्बर को विश्वविद्यालय मुख्यालय, यानी एस.के.एम. विश्वविद्यालय, दुमका में कराई जाएगी। अंत में, हैंडबॉल प्रतियोगिता 18 और 19 नवम्बर को सेंट जेवियर्स कॉलेज, महरो, दुमका में आयोजित की जाएगी।
विश्वविद्यालय ने सभी महाविद्यालयों को निर्देशित किया है कि वे अनिवार्य रूप से अपनी टीम भेजें।यह कार्यक्रम विश्वविद्यालय स्तर पर खेल प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने और उन्हें बेहतर मंच प्रदान करने हेतु आयोजित किया जा रहा है। ह खेल कैलेंडर विश्वविद्यालय के आधिकारिक वेबसाइट पर भी उपलब्ध है। विश्वविद्यालय प्रशासन ने सभी संबंधित कॉलेजों से समय पर तैयारियां पूर्ण करने और प्रतियोगिता को सफल बनाने में सहयोग की अपील की है।

## आपूर्ति विभाग की आयोजित समीक्षा बैठक संपन्न

**संवाददाता**

**दुमका :** समाहरणालय के सभागार कक्ष में शनिवार को जिले के उपायुक्त अभिजीत सिन्हा की अध्यक्षता में आपूर्ति विभाग की समीक्षा बैठक आयोजित की गई।
बैठक में उपायुक्त ने स्पष्ट कहा कि जिन लाभुकों ने पिछले तीन वर्षों से राशन का उठाव नहीं किया है, नियमानुसार उनके नाम को राशन कार्ड से हटाया जाए। साथ ही प्रखंड स्तर पर आयोजित जनता दरबार में योग्य लाभुकों के बीच धोती-साड़ी का वितरण सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उन्होंने सभी प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी को यह भी निदेश दिया कि 1 वर्ष, 3 वर्ष और 5 वर्ष से राशन का उठाव नहीं करने वाले लाभुकों की सूची तैयार कर उपलब्ध कराएं। इसके अलावा प्रत्येक माह कम से कम पाँच जन वितरण प्रणाली की दुकानों की जांच अनिवार्य रूप से करें।
उपायुक्त ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि जनहित से जुड़े सभी कार्य पारदर्शिता एवं प्राथमिकता के आधार पर संपन्न किए जाएं।
बैठक में जिला आपूर्ति पदाधिकारी राजशेखर कुमार, सभी प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी,सहायक गोदाम प्रबंधक आदि उपस्थित थे।

## रेड क्रॉस लगाएगा रक्तदान शिविर

**जमशेदपुर :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन पर 17 सितंबर को रेड क्रॉस सोसाइटी द्वारा जमशेदपुर ब्लड बैंक में रक्तदान शिविर आयोजित किया जाएगा। इसके साथ ही टीबी के 100 मरीजों को निःशुल्क पोषण कीट मिलेगा।17 सितम्बर को माननीय प्रधानमंत्री के जन्मदिन पर रक्तदान शिविर का रेड क्रॉस के सचिव विजय कुमार सिंह ने यह जानकारी दी।

# हिंदी केवल भाषा नहीं बल्कि भारतीय समाज की आत्मा है : डॉ खिरोधर

**संवाददाता**

**दुमका :** संताल परगना महाविद्यालय, दुमका के हिंदी विभाग द्वारा शनिवार को हिंदी दिवस के अवसर पर एक भव्य संगोष्ठी का आयोजन किया गया। यह संगोष्ठी एक दिन पूर्व ही आयोजित की गई। इस बार संगोष्ठी का विषय 'जन सरोकारों के लिए हिंदी' निर्धारित किया गया था। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य डॉ. खिरोधर प्रसाद यादव ने की। कार्यक्रम का शुभारंभ विश्वविद्यालय के कुलगीत और दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएँ, प्राध्यापक एवं अतिथि इसमें उपस्थित रहे। कार्यक्रम का स्वागत वक्तव्य विभाग अध्यक्ष प्रो पुष्पा सोरेन के द्वारा प्रस्तुत किया गया। अपने अध्यक्षीय भाषण में प्राचार्य डॉ. खिरोधर प्रसाद यादव ने कहा कि हिंदी केवल भाषा नहीं बल्कि भारतीय समाज की आत्मा है। उन्होंने कहा झ यदि हमें लोकतंत्र को मजबूत बनाना है और आम जनता से वास्तविक संवाद स्थापित करना है तो हमें हिंदी जैसी जनभाषा का सहारा लेना होगा। अंग्रेजी का ज्ञान आवश्यक हो सकता है, लेकिन आम आदमी के साथ उसका रिश्ता हिंदी ही जोड़ सकती है। आज की जरूरत है कि हम हिंदी को केवल साहित्य तक सीमित न रखें, बल्कि प्रशासन, शिक्षा, तकनीक और संचार के हर क्षेत्र में इसे और व्यापक बनाएं। जन सरोकार तभी सार्थक होंगे जब उनकी अभिव्यक्ति उनकी अपनी भाषा में हो। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे हिंदी के विकास को केवल सरकारी औपचारिकता न समझें, बल्कि इसे अपने जीवन और भविष्य से जोड़कर देखें। हिंदी विभाग के सहायक प्राध्यापक डॉ. यदुवंश यादव ने बीज वक्तव्य प्रस्तुत



करते हुए कहा कि हिंदी दिवस मनाने का उद्देश्य केवल हिंदी का सम्मान करना नहीं, बल्कि यह समझना है कि जन-सरोकारों की भाषा के रूप में हिंदी की भूमिका कितनी व्यापक है। उन्होंने कहा कि मीडिया, सोशल मीडिया और साहित्य के माध्यम से हिंदी ने लोगों के बीच संवाद का एक मजबूत सेतु तैयार किया है। आज संथाल परगना क्षेत्र में हिंदी और यहां की जनजातीय भाषाएं एक दूसरे के सरोकारों को सरल रूप में निभा रही हैं। कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ. कुमार सौरभ ने कहा कि हिंदी भाषा का असली सौंदर्य इसकी सरलता और सहजता में है। यही कारण है कि यह विभिन्न वर्गों और समुदायों को एक सूत्र में बाँधती है। इस कार्यक्रम में महाविद्यालय की डॉ लीना मुर्मू, डॉ कमल शिवकांत हरि, डॉ सुजीत कुमार आर्या, डॉ उपेंद्र कुमार आदि उपस्थित रहे। संगोष्ठी में बड़ी संख्या में विद्यार्थियों ने भी भाग लिया। उन्होंने भी सम्बंधित विषय पर अपने विचार प्रस्तुत किए। अधिकतर छात्रों ने कहा कि हिंदी ही वह भाषा है, जो गाँव-देहात से लेकर महानगर तक लोगों की भावनाओं और समस्याओं को सीधे अभिव्यक्त करती है। हम अपनी मातृभाषा में जिस भावना को सरल रूप में व्यक्त करते हैं हिंदी उसे व्यापक बनाती है। अंत में हिंदी विभाग के डॉ. अजीत कुमार सिंह ने धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया और सभी अतिथियों, वक्ताओं एवं प्रतिभागियों के प्रति आभार व्यक्त किया।